अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 220 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 04 अगस्त 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## भारी बारिश से मध्य प्रदेश के कई इलाकों में भीषण बाढ़, कहीं टूट गए पुल, कही रूकी ट्रेन

**भोपाल/ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में बीते कई दिनों से लगातार जारी बारिश के चलते हालात बिगड़ गए हैं। ग्वालियर.चंबल क्षेत्र के अलावा राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में स्थिति विकट है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। कहीं ट्रेनें रोकी गई हैं तो कहीं सड़कों पर बने पुल ही नदी में आई भारी बाढ़ से ध्वस्त हो गए हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में बाढ़ से बिगड़े हालातों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और डिफेंस मिनिस्टर



राजनाथ सिंह से बात की है और खुद भी कई जगहों का जायजा लिया है। मंगलवार को दतिया जिले में सिंध नदी पर स्थित दो पुल क्षतिग्रस्त हो गएए जो दतिया.ग्वालियर मार्ग पर स्थित थे। बाढ़ का पानी तेजी से टकराने के चलते पुलों को नुकसान पहुंचा है।

यही नहीं सिंध नदी में जल का स्तर तेजी से बढ़ जाने के चलते शिवपुरी जिले में स्थित अटल सागर डैम के 10 दरवाजों को खुलवा दिया गया है। भारी बारिश के चलते तेजी से नदियों का जलस्तर बढ़ा है और निचले इलाकों में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं।

अटल सागर डैम के दरवाजे खोले जाने की जानकारी देते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कियाए श्मणिखेड़ा ;अटल सागरद्ध डैम के 10 गेट खोले गए हैं। प्रभावित गांवों को पहले ही सतर्क कर दिया गया था। लोगों को ऊंचे स्थानों पर भेजकर सुरक्षित किया गया तथा राहत शिविर व भोजन की व्यवस्था की गई है। शिवपुरी कंट्रोल रूम से मंत्री साथी महेंद्र सिंह सिसोदिया और यशोधरा नजर बनाए हुए हैं।श

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारी बारिश के चलते मध्यप्रदेश के ग्वालियर.चम्बल क्षेत्र के 1ए100 से अधिक गांव प्रभावित हैं। शिवपुरी और श्योपुर में 2 दिन में ही 800 मिमी बारिश हो गई है। इस अप्रत्याशित बारिश से बाढ़ की स्थिति बनी है। सीएम ने कहा कि मैं कल से बाढ़ग्रस्त इलाकों के स्थानीय प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में हूं। इस बीच शिवपुरी जिले के बीछी गांव में पेड़ पर फंसे लल्लूरामए लखनए देवेंद्र नाम के तीन लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाढ़ के संकट से निपटने के लिए सेना की 4 यूनिट्स को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए सेना बुलाई गई है।

## 'अमित शाह अगर संसद में आ गए तो मैं सिर मुंडवा लूंगा' : डेरेक ओ ब्रायन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने केंद्रीय गृहमंत्री को चुनौती दी



है। टीएमसी सांसद ने कहा है कि अगर गृहमंत्री राज्यसभा या लोकसभा में आ गए तो वो अपना सिर मुंडवा लेंगे। टीएमसी नेता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री पेगासस के मुद्दे पर भाग रहे हैं और इसीलिए वो विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। दरअसल 'घ्ट्टीं ऊर्द्दब' से एक साक्षात्कार के दौरान टीएमसी सांसद ने यह बात कही है। जब इस इंटरव्यू के दौरान डेरेक ओ ब्रायन से यह पूछा गया कि वो संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सवाल क्यों नहीं पूछते हैं? तब इसपर जवाब देते हुए टीएमसी सांसद ने कहा कि 'मैंने कभी गृहमंत्री को संसद में नहीं देखा। मैंने कभी प्रधानमंत्री को संसद में नहीं देखा। उनके चहेते अफसर को दिल्ली पुलिस का कमिशन्र बनाया गया है। दिल्ली में नौ साल की एक दलित लड़की के साथ गैंगरेप की घटना हुई...तो क्या गृहमंत्री को सामने आकर जवाब नहीं देना चाहिए?' डेरेक ओ ब्रायन ने आगे कहा कि 'दलित लड़की के साथ दुष्कर्म क्यों हुआ? अगर इस गंभीर मसले पर अमित शाह राज्यसभा या लोकसभा में कल (बुधवार) आकर यह जवाब दे दें तो मैं आपको शो में अपना सिर मुंडवा लूंगा।

पाण्डेय इंटरप्राइजेज
SANTOOR
The secret of younger looking skin
प्रो0 नितेन्द्र पाण्डेय
मो. 9936464561
सदर, मोहाल, गोपीगंज, भदोही–221301

## अघाड़ी में आपस में ही चल रही जोड़तोड़ ? शिवसेना के पूर्व मंत्री अशोक शिंदे ने थामा कांग्रेस का दामन

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में भले ही शिवसेना कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन महाविकास अघाड़ी के अटूट होने के दावे किए जाते रहे हैंए लेकिन धरातल पर ऐसा नहीं दिखता। मंगलवार को शिवसेना के दिग्गज नेता रहे अशोक शिंदे को कांग्रेस ने शामिल करके इस बात के संकेत भी दिए। तीन बार के विधायक और पूर्व मंत्री अशोक शिंदे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की मौजूदगी में पार्टी का दामन थाम लिया। लंबे समय से शिवसैनिक रहे शिंदे का कांग्रेस में जाना उद्धव ठाकरे और शिवसेना के लिए झटका माना जा रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र के राजनीतिक समीकरणों का भी इससे संकेत मिलता है।



बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पहले भी कई बार कह चुके हैं कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव और नगर निकायों में अपने दम पर मैदान में उतरेगी।

वहीं शिवसेना और एनसीपी की ओर से उनकी इस राय पर आपत्ति भी जाहिर की जा चुकी है। यही नहीं नाना पटोले ने तो बीते दिनों यह भी कहा था कि उद्धव ठाकरे और एनसीपी उन पर नजर रखते हैं। वे कांग्रेस के विस्तार से डरे हुए हैं। इस पर शिवसेना ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। इस पर बैकफुट पर आई कांग्रेस के नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने सफाई देते हुए उद्धव ठाकरे को पीएम मैटीरियल करार दिया था।

चव्हाण ने कहा था कि नाना पटोले प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर काम देख रहे हैं। ऐसे में उनकी चिंता राज्य में पार्टी को मजबूत करना है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने के लिए वह इस तरह की टिप्पणियां करते रहते हैं। वहीं इस बीच एक खबर है कि राहुल गांधी ने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के काम को समझने की इच्छा जताई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने दावा किया कि राहुल गांधी ने सोमवार को मुलाकात में कहा कि वह बालासाहेब ठाकरे के काम करने के तरीके और शिवसेना के बारे में जानना चाहते हैं। इसके लिए वह महाराष्ट्र का दौरा भी करेंगे।

## हनी सिंह पर पत्नी शालिनी ने लगाया घरेलू हिंसा का आरोप, कहा- कई महिलाओं संग बना, कैजुएल संबंध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉलीवुड के मशहूर सिंगर यो यो हनी सिंह हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर जबरदस्त सुखियों में आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि हनी सिंह की पतने शालिनी तलवार ने उन पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए हैं। सिर्फ यही नहीं शालिनी ने हनी सिंह पर मानसिक शोषण और आर्थिक शोषण के आरोपों को लेकर भी केस दर्ज कराया है। उन्होंने दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में श्घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियमश् के तहत मामला रजिस्टर करवाया है।कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि शालिनी तलवार ने पति हनी सिंह के साथ.साथ उनके परिवार पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके अलावा शालिनी ने हनी सिंह पर ये भी आरोप लगाया है कि उन्होंने कई महिलाओं के साथ श्कैजुअल सेक्सश् संबंध भी बनाए हैं। कोर्ट के सामने शालिनी का पक्ष से लॉ फर्म करणज्वाला एंड कोण् के अधिवक्ता संदीप कपूरए अपूर्व पांडे और जीजी कश्यप ने रखा।

## पंजाब कांग्रेस के कैप्टन बनते ही एक्शन में आए सिद्धू

### मंत्रियों संग बनाई दलितों को लुभाने की रणनीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस का श्कैप्टनश् बनने के बाद से नवजोत सिंह सिद्धू एक्शन में आ गये हैं। मंगलवार को पंजाब कांग्रेस के नये प्रदेश अध्यक्ष बने सिद्धू ने पार्टी के मंत्रियों और विधायकों के साथ एक बैठक की। बताया जा रहा है कि इस बैठक में दलितों को लुभाने पर रणनीति बनाई गई। इस बैठक में पंजाब कांग्रेस में दलित ईकाई के नेता भी मौजूद थे। यह बैठक चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में करीब 3.4 घंटे तक चली है। इस बैठक में पंजाब कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के अलावा कई विधायक भी मौजूद थे।



पंजाब कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक इस मीटिंग में दलितों को लेकर खास रणनीति बनाई गई। दलितों के कल्याण को लेकर योजना बनाने और उसे अमलीजामा पहनाने पर चर्चा की गई। इसमें राज्य में दलितों की सभी मांगों को लेकर चर्चा हुई और इस समुदाय के लोगों को लुभाने पर रणनीति बनी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने पार्टी द्वारा दलितों के उत्थान को लेकर पूर्व में बनाए गए 18 सूत्री एजेंडे को जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया।

इस बैठक में नवशहर जिले के हर ब्लॉक के पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल हुए थे। बैठक में नवांशहर जिले के कार्यकारी अध्यक्ष संगत सिंह गिलजियानए कुलजीत सिंह नागराए विधायक अंगद सैनीए एमएलए दर्शनलाल मंगूपुर और स्थानीय नेता भी शामिल हुए। पिछले सप्ताह सिद्धू ने कहा था कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें अठारह सूत्रीय एजेंडे को जल्द से जल्द राज्य में लागू करवाने के लिए कहा है। इससे पहले पंजाब की कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने अनुसूचित जाति ;एससीद्ध समुदाय से आने वाले प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ शुक्रवार को बैठक की थी। इस दौरान दो घंटे चली बैठक में विभिनन्न मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

पाण्डेय इंटरप्राइजेज
Suhana
मटर पनीर मिक्स
MUTTER PANEER MIX
प्रो0 नितेन्द्र पाण्डेय
मो. 9936464561
सदर, मोहाल, गोपीगंज, भदोही–221301

समीर जनरल स्टोर
निःशुल्क फ्री होम डिलेवरी
प्रो0 हरि मंगल सिंह
मो. 7905259043
पता– बधवा ताहिरपुर, त्रिवेणीपुरम्, झूंसी, प्रयागराज

केसरवानी एण्ड सन्स
नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवियर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491
जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

प्रकाश हॉस्पिटल
स्वास्थ सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर
निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव
(सदस्य जिला पंचायत)
Mob.: 8858487147
पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK PAN-AAFTM3349D Reg. No.: 1/2014
मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट
Misqeen Sewa Sansthan Trust
(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)
श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर
फाउण्डर प्रबन्धकः अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज
कार्यालय : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज,
निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306
Mob.: 9450613192
E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com

Reg. No. U01400UP2021PTC147142 स्थापना वर्ष – 2021
GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
अश्वगंधा अकरकरा
प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।
फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B
ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज
रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज
Mob.: 9935613506


सूफी आशिक बाबा
सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षो का अनुभव प्राप्त।
पताः एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबरः 9793403230, 9335128224

# कोविड वैक्सीन को लेकर ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह : नोडल अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**जारी/ प्रयागराज।** जसरा विकासखंड के जारी स्थित कृषक इंटर कॉलेज में मेगा कैंप शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण को रफ्तार देने का प्रयास दिखा। अब तक करीब पांच सौ लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया।





रोजाना की तरह स्वास्थ्य केंद्रों पर टीका लगवाने के लिए जाने वाले लोगों की भीड़ देखने को मिली। टीका लगवाने वाले लोगों में युवाओं महिलाओं बुजुर्गों की संख्या अधिक देखने को मिला। जारी के कृषक इंटर कॉलेज में सुबह से ही लोगों की लंबी लाइन लगी हुई थी। इसके अलावा अन्य केंद्रों पर भी लोगों को अपना नंबर आने के लिए इंतजार करना पड़ा। इस दौरान 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग में व 45 वर्ष वाले लोगों ने भी टीका लगवाया। बारा नोडल अधिकारी डॉ. तरुण पाठक अधीक्षक ने बताया कि तीसरी लहर से बचने के लिए वैक्सीन का लगना और इस महामारी को रोकने के लिए टीकाकरण लगवाना बहुत जरूरी है 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी और कहां की जारी सबसे टॉप वैक्सीनेशन पर है यहां लोग काफी जागरूक हैं और बढ़-चढ़कर वैक्सीनेशन में हिस्सा ले रहे हैं और कहा कि जारी क्षेत्र के आसपास गांवों में चामू , गीज ,लोटाढ, मैदा, मे वैक्सीनेशन 200 के पार ग्रामीणों को लगा और क्षेत्र के आसपास गांवों में जाकर निरीक्षण किया गया जहां वैक्सीनेशन कम पड़े वही और व्यवस्थाएं की गईं।

जिसमें मुख्य रुप से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीमा सिंह ,सुपरवाइजर वरुण पात्रा, गड़ैया कला ग्राम प्रधान शांति कुरील, आशा संगिनी लवली बासु ,और मंजू सिंह ,उषा देवी ,सावित्री देवी ,अंजली केसरवानी, प्रभावती ,एएनएम के द्वारा वैक्सीनेशन लगाया गया।

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र, प्रयागराज के अंतर्गत सोमवार को चाका ब्लाक के गंगा गाँव पीपराओं मे युवा मंडल अध्यक्ष निर्मल कांत पांडे नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के नेतृत्व में स्वछता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया त् कार्यक्रम में चाका ब्लॉक सचिव रोहित भारतीय ने भागीदारी की तथा शपथ लेकर यह संकल्प लिया की वह भारत को स्वच्छ बनाएंगे और अपना घर गांव पूरा भारत समाज को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता में अपनी भागीदारी देंगे त् जिला युवा सांसद निर्मल कांत पांडे ने पालीथीन का प्रयोग न करने और स्वच्छता में



बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।


ग्राम प्रधान पार्वती राजीव निषाद ने कहा कि हम सभी को स्वच्छता के लिए कड़े कदम उठाने होंगे और अपने ग्राम को स्वच्छ बनाने के लिए हर जगह डस्टबिन का इस्तेमाल करना होगा जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे के नेतृत्व में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता का संदेश दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्टि विश्वकर्मा को मिला , द्वितीय स्थान सृष्टि विश्वकर्मा को मिला और तृतीय स्थान अरमान निषाद को मिला। कार्यक्रम में राजेश कुमार निषाद ,दिनेश कुमार, अनिता देवी की सहभागीता रही।

# जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों का शत-प्रतिशत परिणाम

अखंड भारत संदेश

**करछना।** सीबीएसई 10वीं के घोषित नतीजों में भीरपुर घोड़ेडीह करछना में स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी सफल विद्याथियों का विद्यालय के निदेशक माननीय डॉ. आर पी पांडे जी ने उत्साहवर्धन किया और साथ में ही विद्यालय के संरक्षक डॉ. के. के .शुक्ला जी और प्रधानाचार्या सुश्री चित्रा भद्रा जी ने विद्यालय के मेधावियो को बधाई दी, एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।






## हाई मास्क लाइट जलाए जाने की मांग

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर चिरौरा चौराहे पर लगी हाई मास्क लाइट महीनों से बंद पड़ी है। जिसके चलते आसपास के दुकानदारों एवं राहगीरों को रात के समय अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं। जानकारी के अनुसार चिरौरा चौराहे पर हाई मास्क लाइट लगाई गई है। चुनाव में जनप्रतिनिधियों ने प्रयास करके जलवाया था। परंतु माह भर पहले विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इसका विच्छेदन कर दिया। जिसके चलते चिरौरा चौराहे पर अंधेरा छा गया। चिरौरा चौराहे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# बृहद कोरोना टीका कैंप में वैक्सीन लगवाने को लेकर ग्रामीणों में रहा उत्साह

## कोविड शिविर में वैक्सीन की कमी से बहुत से लोग टीका लगवाने से वंचित रह गये

अखंड भारत सदेश

**करछना।** क्षेत्र के डीहा, चनैनी बबुरा बसही, सुलमई, भरहा, ग्राम सभाओ ग्राम प्रधानो ने कोविड वैक्सीन सेंटर पर डटे रहे कोविड-19 का टीका लगवाने को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।



जहां हजारों की संख्या में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरुष महिलाओं ने टीकाकरण कैंप में पहुंचे। वही टीकाकरण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज टीपू गिरी ,खंड विकास अधिकारी करछना नवीन कुमार गुप्ता ने वैक्सीनेशन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यह कार्यक्रम मंगलवार सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। जिसमें 400 का लक्ष्य दिया गया था लेकिन शाम तक 250 लोगों को ही टीका लगाया जा सका। इस मौके पर एनएनएम आश आंगनवाड़ी सेविकाए के अलावा प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी, बबुरा प्रधान निर्मल कुमार सिंह, डाक्टर धर्मेद्र कुमार सिंह, प्रधान बसही हिमान्शु सिंह के अलावा गणमान्य लोगों का कोविड वैक्सीन सेंटर पर योगदान सराहनीय रहा है । आदि रहे।



## निवारक कार्यवाही में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**बहरिया।** ग्राम सभा पूरेदुर्गी मे जमीनी व रास्ते के विवाद को लेकर प्रथम पक्ष के 1. छोटेलाल पुत्र रामनाथ उम्र लगभग 48 वर्ष तथा द्वितीय पक्ष के 1. राम अवतार यादव पुत्र सुखदेव प्रसाद उम्र लगभग 55 वर्ष को निवारक कार्यवाही मे गिरफ्तार के अंतर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी में चालान किया गया।

# जंघई रेलवे स्टेशन पर टिकट दलालों का कब्जा प्रशासन हुआ मूकदर्शक

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर टिकट दलालों ने अपना आधिपत्य जमा लिया है सूत्रों के अनुसार इस गिरोह का सरगना पप्पू धोबी को बताया जा रहा है और पप्पू धोबी इतने ताकतवर आदमी है की इनके सामने जी आरपीएफ और जीआरपी भी नतमस्तक है कोरोना संक्रमण की गति धीमी होने के बाद अब हर कोई अपने गन्तव्य को जाना चाह रहा है।लेकिन यात्रा कैसे हो यह बड़ा सवाल है रेलवे द्वारा कुछ चुनिदा ट्रेनें ही चलाई जा रही हैं जो ट्रेनें चल रही है उसमें टिकट लेना आसान नहीं है। ऐसे में टिकट दलालों की सक्रियता बढ़ गई है दलाल एक-एक टिकट पर तीन गुना पैसा वसूल रहे हैं।

टिकट दलाल बहुत ही होशियारी से अपना काम कर रहे हैं। हर दिन उनके लोग काउंटर पर खड़ा हो जाते हैं। टोकन विधि से टिकट लेने में भी यह आगे रह रहे हैं आसानी से अपना टिकट बनवा ले रहे हैं। जबकि सप्ताह भर से टिकट के लिए परेशान लोग लाइन में किसी प्रकार खड़े होते है तो सुबह होते ही दलालो की टीम उन्हें लाइन से निकालकर खुद पहला दूसरा नंबर ले लेते है और इसमें टिकट दलालों का सहयोग आरपीएफ जीआरपी स्टेशन मास्टर की मिलीभगत से इनका कार्य होता है।ऐसे में लाइन में लगे लोग मायूस हो कर लौट जाते है।जंघई में टिकट के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है लोगों की सुनने वाला कोई नही है पप्पू धोबी ने चौरतफ़ा अपना जाल बिछा दिया है और इस जाल में सब फसतें हुए नज़र आ रहे है उपरोक्त मुद्दे पर अब तक कोई सामने नही आ रहा है इस विषय जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राम्हण जल्द ही जंघई में टिकट दलालों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन करेंगे।

## विकास एवं रोजगार के लिए कांग्रेस के हाथों को मजबूत करें- विनय दुबे

**सहसों।** कांग्रेश के पीसीसी सदस्य विनय दुबे ने क्षेत्र के कई गांव में लोगों से जन संपर्क करके कांग्रेश के नीतियों व रीतियो से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बिगहिया, चिरौरा,उमरीमय टटिहरा सहित आधा दर्जन गांव में लोगों से जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के पश्चात उमरी मय टटिहरा गांव में अशोक मिश्रा के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा। विकास एवं रोजगार के लिए कांग्रेस के हाथों को मजबूत करने का आवाहन किया। युवाओं की तरक्की समाज एवं राष्ट्र के विकास के लिए कांग्रेश सदैव तत्पर रहती है। मूलभूत सुविधाएं एवं सर्व समाज के हित में कांग्रेश सदैव समर्पित रही है।

# प्रतापपुर भाजपा मंडल की बैठक में सरकार की उपलब्धियों को बताया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** भाजपा प्रतापपुर मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को हुआ।मुख्य अतिथि जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी एवं अन्य वक्ताओं ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिनन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की तारीफ किया तथा आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव, जिला महामंत्री हरिभूषण सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय,



श्यामधर मिश्र, मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर आशुतोष त्रिपाठी, पंडित विजय शर्मा, रमेश केसरवानी, महावीर मिश्रा मुकुंद लाल मौर्य, अरविंद विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री श्याम धर शर्मा, धीरज मिश्र, प्रदीप मिश्र, गुड्डू मिश्र, राजेश शुक्ला, रूपेश तिवारी, विनय दुबे, मयंक मिश्र, उदयवीर, लालेश पटेल, विकास तिवारी, विजय मिश्र, अच्छे लाल पटेल सहित तमाम भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंजा चनेथू गाँव भक्तों ने किया रुद्राभिषेक

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सावन मास में भोलेनाथ को भक्तों द्वारा दूध, दही, रोरी, अक्षत, बेलपत्र, धतूरा, घी, मिष्ठान, फल, गंगाजल आदि चढ़ाकर पूजन अर्चन एवं रूद्राभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया जा रहा है।चनेथू के चंद्रमौलेश्वर महादेव धाम में भी पूजन अर्चन रुद्राभिषेक भक्तों द्वारा किया जा रहा है।सभी भक्तों द्वारा पुण्य लाभ प्राप्ति हेतु अपनी मनोकामना पूर्ण करने की भगवान भोलेनाथ से विनती कर रहें हैं जिसमें सभी भक्तों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है पूजन अर्चन रुद्राभिषेक में आचार्य मनमोहन पांडेय, आचार्य संदीप पांडेय, दीपक तिवारी, रंजना तिवारी, आयुश तिवारी, हिमांशु द्विवेदी, अक्षत दुबे, राजा शुक्ला, अविनाश मिश्रा सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।



# वैक्सिनेशन सेंटरों पर अफरा तफरी के बीच चला वैक्सिनेशन अभियान

## उम्मीद से अधिक लोग पहुंचे,कम पड़ गई वैक्सीन, शंकरगढ़ में छह हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का दावा

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़,प्रयागराज।** कोरोना टीकाकरण को रफ्तार देने के लिए तीन अगस्त को पूरे जनपद में आयोजित विशेष कैंपों में भारी भीड़ देखने को मिली। 80 हजार से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पूरे जनपद में अस्थाई 388 वैक्सीनेशन सेंटर बनाया था। मंगलवार को इन टीकाकरण केंद्रों पर सुबह से ही कतार लग गई। 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्ग के लोगों ने टीकाकरण में खासी रुचि दिखाई। वैक्सीनेशन के प्रति बढ़ती जागरुकता को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी गदगद है।



जनपद के सभी 388 वैक्सीनेशन सेंटरों पर सुबह दस बजे से ही टीका लगाने का कार्य शुरू हो गया था। विकास खंड शंकरगढ़ में भी तीस स्थानों पर कैंप लगाए गए। स्थानीय परिषदीय विद्यालयों में लगाए गए इन कैंपों में ग्रामीणों की भारी भीड़ नजर आई। कोविड-19 के नोडल अधिकारी डा. अनूप सिंह ने बताया कि महाअभियान की सफलता के लिए इसके काफी प्रचार -प्रसार किया गया था, जिसका असर सेंटरों पर देखने को मिला।

डा. अनूप सिंह ने बताया कि विकास खंड शंकरगढ़ में लक्ष्य से अधिक वैक्सीन उपलब्ध थी।मंगलवार को कुल छह हजार लोगों को वैक्सीनेट करने के लिए वैक्सीन भेजी गई थी। टीकाकरण केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शुरू हुआ और 4 बजे तक चलता रहा।ग्राम बिहरिया, पूरेबल्दू, कोहड़िया समेत तमाम जगहों में भीड़ के कारण वैक्सीन कम पड़ गई।बिहरिया प्रधान परमेश्वर सिंह ने बताया कि वैक्सीनेशन अभियान में गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया। आगे भी इसी तरह के कैम्प की आवश्यकता है क्योंकि बहुतायत संख्या में अभी भी लोगों को वैक्सीन नहीं लगी है।नोडल अधिकारी डा. अनूप सिंह ने बताया कि आज जो लोग टीका नहीं लगवा पा रहे हैं, वह पहले से स्थाई सेंटरों पर चल रहे टीकाकरण कैंप का विजिट कर सकते हैं।विकास खंड शंकरगढ़ क्षेत्र में महाअभियान के दौरान पांच हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय भड़िवार, तेलघना,बेनीपुर, लालापुर, धरा, करिया कला, पड्डुआ, पूरे बल्दू, गनने, गाढ़ा कटरा, बसहरा उपरहार, बिहरिया, गोइसरा, देवरा, जोरवट, जूही आदि में कैंप लगाया गया है। सीएचसी अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह के साथ सीएचसी व स्थानीय पीएचसी की टीम इन केंद्रों पर बराबर भ्रमण करती नजर आई।

# बैटरियां चोरी करने वाले 02 नफर अभियुक्त को बहरिया पुलिस ने किया गिरफतार

अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** ग्राम निवासी पतुलकी सुनील सिंह पुत्र स्वर्गीय चंद्र बहादुर सिंह के घर का ताला तोड़कर 04 आदद बैटरी चुराकर भागने के दौरान ग्राम वासियों द्वारा पकड़ लेने तथा अभियुक्तगण व उनके पास से बरामद अलग-अलग कंपनियों की चारों बैटरी के साथ उपस्थित थाना ले आया गया जिसके आधार पर मुकदमा संख्या 192/2021 धारा 457/380/411 भादवी पंजीकृत करते हुए दिनांक 3/8/2021 समय 11.04 अभियुक्त गण 1.दारा सिंह पुत्र गुलाब चंद उम्र लगभग 19 वर्ष ग्राम गोतवा थाना सराय इनायत 2. आशीष पांडे पुत्र कृपा शंकर पांडे उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी पखरीसेवार चौकी सिरसा थाना में में जनपद प्रयागराज को पुलिस हिरासत मे लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।



# स्वच्छता के प्रति दो डस्टबिन मंदिर परिसर में किए गए स्थापित

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री समोगर नाथ बाबा मंदिर परिसर में मंगलवार को सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी की ओर से सावन के पवित्र माह में मंदिर में स्वच्छता के प्रति दो डस्टबिन अनिल विश्वकर्मा-कमला स्मारक विद्यालय बलापुर व महेश मेडिकल स्टोर-उत्तरी लोकपुर के सहयोग से उक्त मंदिर के पुजारी कमल गिरि के उपस्थिति में स्थापित किया गया। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य



अरविंद कुमार शुक्ला उर्फ भामे ने संस्था के स्वच्छता अभियान के प्रति सराहनीय कार्य को सराहते हुए अपना सहयोग प्रदान करने की बात कही। कोषाध्यक्ष मनीष पांडेय ने कहा कि सावन महीने के अवसर पर प्रयागराज के कई मंदिरों में स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन क्रमानुसार रखें जायेंगे। इस दौरान संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सुनील कुशवाहा, संदीप सिंह,अनुराग निषाद,मनीष शुक्ला, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, धनंजय, कार्तिकेय तिवारी व तुलसी तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# एंबुलेंस कर्मियों की भर्ती के दौरान जमकर हंगामा, अभ्यर्थियों ने अधिकारियों के साथ की धक्कामुक्की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** 102 और 108 नंबर एंबुलेंस के लिए जीवीके कंपनी द्वारा की जा रही भर्ती के दौरान मंगलवार को अंतिम दिन जमकर हंगामा हुआ। अभ्यथिर्यों का आरोप था कि पैसे लेकर भर्ती की जा रही है। अभ्यर्थियों ने कंपनी के अधिकारियों के साथ धक्कामुक्की भी की, जिस पर परेड मैदान पर भर्ती प्रक्रिया रोकनी पडी। हालांकि बाद में कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस लाइन जाकर भर्ती प्रक्रिया को पूरा कराया।

एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जीवीके कंपनी ने शनिवार से चालकों और ईएमटी की भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। मंगलवार को परेड मैदान में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे थे। अभ्यर्थी टेस्ट जल्द लेने की मांग करने लगे, जिस पर उनका कंपनी के अधिकारियों से विवाद हो गया। अधिकारियों ने भर्ती रोक दी और



वहां से पुलिस लाइन जाने लगे। इस पर अभ्यर्थी भड़क गए। उन्होंने सरकार विरोधी नारेबाजी की और कंपनी पर पैसा लेकर भर्ती करने का आरोप लगाया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

अभ्यर्थी आरोप लगा रहे थे कि 40-40 हजार रुपये लेकर भर्ती की जा रही है। हंगामे के दौरान वहां खड़ी एंबुलेंस का शीशा टूट गया। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पुलिस भी पहुंची। अभ्यथिर्यों को पुलिस लाइन ले जाकर भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक कुल तीन हजार लोगों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

### 24 से अधिक हड़ताली कर्मचारी और हुए बर्खास्त

**प्रयागराज।** एनएचएम में नियुक्ति की मांग को लेकर एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। इससे मरीजों को परेशान होना पड़ा। उधर जीवीके कंपनी की ओर से 24 और कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया। हालांकि हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि उनके द्वारा कई बार बर्खास्तगी का पत्र मांगा गया, लेकिन उन्हें दिया नहीं गया। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों के पूरा होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# कैंप लगाकर किया गया दर्जनों गांव में वैक्सीनेशन

**अखंड भारत संदेश**

**माण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माण्डा के डॉक्टरों की टीम के द्वारा माण्डा क्षेत्र के दर्जनों गांव में मंगलवार को मेगा कैंप के माध्यम से कोविड-19 के टिके लगाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माण्डा के अधीक्षक डॉ सुरेश सोनकर ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय माण्डा व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुरमा में डॉ जीत कुमारी व मंजू यादव के निगरानी में व पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिसेन व प्राथमिक विद्यालय भरारी के निगरानी में संजू देवी डॉ प्रियंका व प्राथमिक विद्यालय माण्डा खास व प्राथमिक विद्यालय नकटी के डॉक्टर ज्ञानती यादव डॉ अर्चना के निगरानी में वह प्राथमिक विद्यालय गोला बाजार भारतगंज के डॉ संजू लता डॉ प्रतिभा देवी के निगरानी में इस्लामिया इंटर कॉलेज भारतगंज के डॉक्टर मीरा मौर्या लीलावती के निगरानी में प्राथमिक विद्यालय वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर टीकाकरण हुआ वही अधीक्षक डॉ सुरेश सोनकर व स्वास्थ्य



शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माण्डा में सोमवार को 18 साल वालों में हर चिन्हित ग्राम सभा में 250 लोगों को व 45 साल वालों में 130 लोगों को टीके लगाए गए

### टीकारण को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**करछना।** क्षेत्र के गांवो में आयोजित टीकाकरण अभियान में मंगलवार को सी एम ओ ,सीडीओ ,खंड विकास अधिकारी करछना ने कोविड का टीका करण सेंटरों पर निरीक्षण कर जायजा लिया ।और भीड वाले गाँवों में लोगों से अपील की है जो लोग टीका करण अभियान में शामिल हैं और उन्हे किन्ह कारणों से टीका नहीं लग पाया है उन्हे पः दूबारा आयोजित किया जाने वाले कैम्प में अवश्य वैक्सीनेसन कराया जाएगा।

# सहसो ब्लाक की नई विकास खंड अधिकारी बनी दिव्या सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**सहसो।** वसृजित ब्लाक सहसो की नवागंतुक खंड विकास अधिकारी दिव्या सिंह ने नए पदभार संभालने पर मंगलवार को ब्लाक के सहयोगी कर्मचारियों द्वारा शिष्टाचार मुलाकात पर पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मानजनक स्वागत किया गया।



शिष्टाचार मुलाकात करने वालों में विकासखंड अहसो के सहायक विकास अधिकारी पंचायत, कृष्ण चंद्र पांडे, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता निखिल मोहन, ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मन्द्र दुबे, ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राणा, वरिष्ठ लेखाकार सोनू सिंन्हा, ग्राम पंचाचत अधिकारी राजेश कुमार सिंह, श्याम कृष्ण पाल, रविकांत यादव, जितेन्द्र कुमार, उदय भान सिंह साहित आदि रहे।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी का हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंगलवार को ब्लाक संसाधन केंद्र सैदाबाद में उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ, सैदाबाद के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता मे नए खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम जी का स्वागत किया गया।

स्वागत के बाद शिक्षको को सम्बोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने कहा कि विकास खण्ड सैदाबाद मे शिक्षा के स्तर मे सुधार के लिए सभी शिक्षको के सहयोग से सतत प्रयास करेगे। इसके साथ ही शिक्षको की सभी समस्याओ का समय से समाधान होगा। उन्होने विभाग की विभिनन्



योजनाओ के क्रियान्वयन पर चर्चा किये। स्वागत समारोह का संचालन करते हुए ब्लाक मंत्री सूबेदार सिंह ने विकास खण्ड मे अधिकारी व शिक्षको के बीच तालमेल बनाये रखने के लिए अपने अनुभव को साझा किया।इस अवसर पर सर्व श्री रविशंकर मिश्र, हामिद अली,प्रदीप पांडेय, राम कृष्ण पांडेय, रूपेन्द्र सिंह बघेल,शिव प्रकाश श्रीवास्तव, अभिनव त्रिपाठी ,अनुभव त्रिपाठी, पवन बाजपेयी,अनन्त बहादुर सिंह, राजेश सिंह,?षिराज सिंह, मान्धाता,देवेन्द्र सिंह, हरी शंकर, त्रिलोकी नाथ पांडेय, अरूण त्रिपाठी,बंकिम चन्द्र द्विवेदी,सिद्धार्थ द्विवेदी,रंजना राय ,रिंकी यादव,प्रेमा राय,सुधा सिंह, नेहा कनौजिया, रमा शंकर यादव ,राम पाल,मनोज सिंह, अवनीश यादव,विकास गुप्ता धर्मराज सिंह शिक्षक आदि भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए।

# कोविड-19 मेगा टीकाकरण अभियान में ग्रामीणों को लगी कोरोना वैक्सीन



**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** कोरोना वायरस से बचाव के लिए फूलपुर विकास खण्ड के विभिनन् गांवों में मंगलवार को निःशुल्क कोविड टीकाकरण किया गया। कोविड-19 मेगा टीकाकरण अभियान के तहत मंगलवार को पन्द्रह ग्राम पंचायतों में टीकाकरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर की स्वास्थ टीम सुबह दस बजे टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंच कर ग्रामीणों का टीकाकरण करना शुरू किया।

इस दौरान ग्रामीणों में जहां कोरोना वैक्सीन लगवाने की ललक रही वहीं कोविड नियमों की भी अनदेखी हुई।ग्राम वीरकाजी, पूरेसूदी, गगौर, गडौर, तथा पाली ग्राम पंचायत के कोविड टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) त्रिनेत्र कुमार सिंह ने मास्क न लगाने वाले ग्रामीणों को जमकर फटकार लगाई। वहीं टीकाकरण करने वाले चिकित्सक को भी कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करवाने को कहा। उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से सभी ग्राम पंचायतों को 200 टीकाकरण का लक्ष्य प्रदान किया गया था। इस दौरान ग्रामीण लम्बी लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। सीएचसी अधीक्षक सुनील पाण्डेय ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण करवाने की अपील की। मौके पर डाक्टर तलत,मीरा मौर्य,छाया पाल,बिन्दु, ग्राम प्रधान कमला देवी,प्रधान पति राम चन्द्र तुफानी,आशा कार्यकत्री सुनीता, आंगनबाड़ी गुडि़या सहित अन्य चिकित्सक व ग्रामीण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौके पर पुलिस तैनात रही।

### मनरेगा नव निर्मित मार्ग को जबरन फावडे से काटने पर ग्रामीणो ने जताया बिरोध

### पुलिस के मना करने पर दे रहा है धमकियॉ

**करछना।** विकास खंड खजुरौल गांव में प्रधान द्वारा बनाई गई मनरेगा सड़क मार्ग को गांव का एक दंबग किस्म युवक जबरन फावडे से काट कर खेत में मिला रहा था, कि प्रधान संदीप यादव व ग्रामीणो ने के मना करने पर धमकिया देकर मनरेगा मार्ग को अवरोध उतपनन् किया जा रहा है ग्रामीणो ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अभय राज को मना कर दिया, लेकिन पुलिस को वापस जाते वह पुनः मनरेगा सड़क मार्ग को फावडे से काट कर खेत में मिला लिया, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है, ग्रामीणो ने उच्च अधिकारियों से अपील की है उक्त आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# युवाओं एवं व्यापारियों समेत किसानों को बर्बाद करने का काम कर रही है बीजेपी सरकार : अरुण तिवारी

### कांग्रेस नेताओं ने करछना विधान सभा में कीं जन सभा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विधानसभा में बादल गंज समेत लगभग आधा दर्जन गांव में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अरुण तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने कई सभाएं की। सभा में बोलते हुए श्री अरुण तिवारी ने कहा कि योगी और मोदी की सरकार पूरी तरीके से देश के किसानों नौजवानों छोटे व्यापारियों को तबाह और बर्बाद करना चाहती है। अफसोस इस बात का है कि अब तक नौजवानों को आंदोलित हो जाना चाहिए था जिनके भविष्य के साथ यह सरकार खिलवाड़ कर रही है नौजवानों से अपील करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आपको आगे आना होगा इस सरकार के खिलाफ इंकलाब बोलना



होगा और आपके भविष्य के लिए सुरक्षित भविष्य के लिए कांग्रेसी बेहतर विकल्प है कांग्रेसका वर्ण तो करना ही पड़ेगा और इन कार्यक्रमों की सबसे खास बात ही रही थी जिस तरीके से ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक कांग्रेश के लोगों का स्वागत किया और संकल्प लिया कि कांग्रेस के साथ चलेंगे वह आने वाले दिनों में निश्चित रूप से कांग्रेस को बहुत मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है उक्त कार्यक्रम का संयोजन जिला सचिव सुनील पटेल ने किया था जबकि कार्यक्रम में प्रदेश के सचिव वसीम अंसारी जिला उपाध्यक्ष विवेक पांडे मोहम्मद इस्लाम उर्फ बबलू खान डॉक्टर दिनेश सोनी नारायण दुबे नागेश पांडे जान मोहम्मद माता अंबर मिश्र आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए

# दो शातिर गिरफ्तार, पांच मोबाइल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच मोबाइल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र थाने से संबंधित स?डवा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन कुमार सिंह को जरिए मुखबिर से सटीक सूचना मिली की दो शातिर चोर मवैया ग्राम सभा के अंतर्गत निर्माणाधीन पुलिया के पास मौजूद हैं।

वह दलबल के साथ पहुंचे और घेराबंदी करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर थाने उठा गए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में मवैया गांव निवासी अंकित निषाद पुत्र कमलेश निषाद व मिर्जापुर जिले के रहने वाला, हाल पताः पेपर मिल धर्म कांटा औद्योगिक क्षेत्र निवासी भानु निषाद उर्फ भोंदू पुत्र राज नारायण निषाद शामिल हैं। दोनों के कब्जे से चोरी व लूट के 5 मोबाइल बरामद होने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को चालान कर दिए।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।


**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

### 4 अगस्त को सुनावाई करेंगी महिला आयोग की सदस्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य महिला जनसुनवाई में सुनेंगी महिलाओं की समस्याएं साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विषयक जागरूकता शिविर में होंगी शामिल जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पंकज कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता सचान द्वारा दिनांक 04 अगस्त, 2021 को पूर्वान्ह 11ः00 बजे सर्किट हाउस में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करेंगी।



# बालू लदी ट्रेक्टर ने बुजुर्ग को कुचला मौके पर हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज थाना मेजा ब्लाक उरूवा के अन्तर्गरत सोनार के तारा चौराहे के पास ट्रेक्टर पीछे करते समय चढ़ा बुजुर्ग के ऊपर हुई मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार माता प्रसाद सोनी 55 वर्ष पुत्र राजनारायण निवासी अकोड़ा सोनार का तारा अपने घर से सोनार के तारा चौराहे पर सब्जी लेने जा रहा था। मृतक जैसे ही पहलवान वीर मन्दिर के पास पहुँचा विपरीत दिशा से अवैध बालू लदी ट्रैक्टर यूपी 65 बी एस 4586 तेजी से आ रहा था और अनित्रित होकर माता प्रसाद सोनी को कुचलते हुए आगे बढ़ा गया। बाजार के लोगो ने ट्रैक्टर रोका ड्राइवर को पकड़ा तथा अपना नाम रमेश कुमार पुत्र लालता प्रसाद निवासी चितौली जिगना जिला मिर्जापुर बताया। बाजार के लोगो ने मृतक के घर पर सूचना दिया गया। तदुपरान्त पुलिस को सूचना दी गयी। चौकी इंचार्ज मौके पर पहुँचे और ड्राइवर को अपने कब्जे में लेकर चौकी भेजा। मृतक के घर वाले इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रामनगर उरूवा ले गये जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक माता प्रसाद सोनी के तीन लड़के और तीन लड़की हैं बड़ा लड़का मुकेश कुमार दूसरा लड़का मस्तराम और तीसरा लड़का मुनन और मृतक अपने तीनो लड़की की शादी कर दिया है।इस घटना से मृतक की पतनी उर्मिला देवी सोनी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। वही इस घटना से समूचे परिवार और आस-पास के लोग दुखी हो गए है।



# सावन माह भगवान शिव का प्रिय माह हैः वल्लभदेवाचार्य जी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** पीडीए कालोनी स्थित शिवजी पार्क में महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को भव्य आरती का आयोजन किया गया। है। जिसमे मुख्य अतिथि स्वामी जगतगुरु वल्लभदेवाचार्य जी महाराज रहे। इस अवसर पर उन्होंने भोले नाथ, दुर्गा माता बजरंग बली और राधे कृष्ण भगवान की आरती की। इस दौरान मौजूद भक्तों को कथा सुनाते हुए स्वामी जी ने बताया कि सनातन संस्कृति में सावन को भगवान शिव का प्रिय माह है। चातुर्मास में भगवान विष्णु योगनिद्रा में होते हैं। ऐसे में सृष्टि संचालन का पूरा भार भगवान शिव पर रहता है।

जिसके चलते हर भक्त इस समय भगवान शिव को प्रसनन् करने के लिए पूरे माह उनकी पूजा आराधना में लगे रहते हैं। भगवान शिव अत्यंत भोले हैं और अपने भक्तों पर तुरंत प्रसनन् होकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। ऐसे में इस माह में भगवान शिव द्वारा अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण की जाती है। इस दौरान शिवेश मिश्रा, अनुराग तिवारी, सत्यम द्विवेदी, उमा शंकर, अश्वनी कुमार, सुरेंद्र सिंह, कमलाकर, आशीष सिंह, मदन मोहन मिश्रा, प्रमोद कुमार राय, आनंद शर्मा, सुरेश चंद्र राय व ओम प्रकाश शर्मा सहित दर्जनों भक्त मौजूद रहे।

# हर्षोउल्लासपूर्वक मनी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 मुनीश्वरदत्त की जयंती

## एमडीपीजी कालेज में शिक्षकों ने हर्षोल्लास मनाई पंडित जी की जयंती

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय पंडित मुनीश्वर



दत्त उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महाविद्यालय परिसर में स्थित पंडित जी की मूर्ति पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र, मंत्री आनंद पांडे तथा प्राचार्य डॉ ए के श्रीवास्तव ने माल्यार्पण किया। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने कहा कि पंडित जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव प्रासंगिक रहेगा। प्राचार्य डॉ ए0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित जी ने प्रतापगढ़ में शिक्षा की अलख जगाई। कार्यक्रम मे डॉ अरविंद मिश्रा, डॉ0 आर0के0 दुबे, डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्र, डॉ सी एन पांडे, डॉ बलराज मिश्रा, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की जयंती जिले में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया गया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई। जिस का संचालन वरिष्ठ नेता मोहम्मद इरफान अली ने किया। जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय महान प्रतिभा के धनी थे। पंडित जी ने जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया था। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी जयकरण वर्मा ने पंडित जी को नमन करते हुए साथियों से पंडित जी के बताए रास्तों पर चलने की अपील करते हुए कहा हमें पहचान बनाए रखने के लिए पंडित जी के आदर्शों और विचारों पर चलना चाहिए। पूर्व सदर प्रत्याशी डॉक्टर नीरज तिवारी ने कहा पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय हर व्यक्ति की परेशानियों को दूर करने का कार्य करते थे। इस मौके पर रोहित शुक्ला, डॉ वीके सिंह, वेदांत तिवारी, मोहम्मद इरफान अली, महेंद्र शुक्ला प्रेम शंकर द्विवेदी, मकरंद शुक्ला, चंद्रनाथ शुक्ला, सुरेश मिश्रा, शिवम मिश्रा, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण कर मनाई गई पंडित मुनीश्वर दत्त की जयंती

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षा जगत के मालवीय कहे जाने वाले कई विद्यालयों के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती रामगंज स्थित श्याम शंकर इंटर कॉलेज में मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश मणि द्विवेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस समय पंडित जी का दौर था, उस समय अशिक्षा के कारण लोग अंधकार में थे लेकिन शिक्षा की ऐसी अलग उन्होंने जगाई थी जिसकी रोशनी से आज भी लोग नहा रहे है। उनके जन्मदिन के अवसर पर शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## स्वाभिमानी व्यक्तित्व थे उपाध्याय जीः बृजेन्द्र

**रानीगंज, प्रतापगढ।** स्व0संग्राम सेनानी, संविधान सभा के सदस्य, प्रतापगढ़ के मालवीय पं0 मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की जयंती आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मनाई गई। इस दौरान बृजेन्द्र मिश्र ने पं0 उपाध्याय के आदर्शों का बखान किया। उनके बारे में अनेक संस्मरण सुनाए। श्री मिश्र ने कहा कि उपाध्याय जी कर्तव्यनिष्ठ और स्वाभिमानी व्यक्तित्व थे। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष तिवारी, कमलाकर पांडेय, संतोष शर्मा, संबोध गिरी, फुरसत अली, विमल सिंह, मनोज पांडेय, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## कालजयी व्यक्तित्व के धनी थे पंडित जीः श्याम किशोर

**प्रतापगढ़।** लोकमान्य तिलक इंटरमीडिएट कालेज में पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जन्मदिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पं0 श्याम किशोर शुक्ल व विशिष्ट अतिथि पं0 श्याम शंकर मिश्र रहे।

अध्यक्षता डा0 प्रशान्त देव शुक्ल एवं संचालन डा0 श्याम जी ने किया। इस और पं0 श्याम किशोर मिश्र ने कहा कि पंडित उपाध्याय जी का व्यक्तित्व कालजयी था। उन्होंने सुदूर ग्रामीण अंचल में जन्म लेकर जिस तरह से पूरे देश में अपने व्यक्तित्व को विस्तारित किया, वह वंदनीय है। अध्यक्ष डा0 प्रशान्त देव शुक्ल ने कहा कि आज उनका जन्मदिवस मनाना तभी सार्थक होगा, जब विद्यालयों के शिक्षकगण संकल्प के साथ अनुशासन को संयमित कर विद्याथिर्यों को उज्जवल भविष्य के निर्माण में आगे बढ़ाएं। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, जयकरन वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य डा0 निशाकांत ओझा, नरसिंह प्रकाश मिश्र, विधिदेव शुक्ल, प्रेम शंकर द्विवेदी, वरिष्ठ प्रवक्ता रमेश मिश्र आदि मौजूद रहे।



# बूथ प्रभारी वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने का करें कार्यः छविनाथ

## मानधाता व सगरा सुंदरपुर बाजार में हुई सपा की समीक्षा बैठक

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी की सेक्टर प्रभारी व बूथ प्रभारियों की समीक्षा बैठक विश्वनाथगंज विधानसभा के मान्धाता बाजार व सगरा सुन्दरपुर बाजार में सम्पनन्न हुई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार यादव ने किया।

सेक्टर प्रभारी व बूथ प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने कहा कि 2022 में विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से ही समाजवादी साथियों को एकजुट होकर काम करना होगा। सितम्बर माह में चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया जाने वाला है। सभी बूथ प्रभारी अपने अपने बूथों पर नाम बढ़ाने का कार्य करें जिससे 2022 में अखिलेश यादव की सरकार पूर्ण बहुमत से बनाकर पुनः मुख्यमंत्री बनाया जा सके। इस अवसर पर पूर्व वि.स. प्रत्याशी संजय पाण्डेय, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, इरशाद सिद्दीकी, उदय प्रताप सिंह, उमेश वर्मा, दीपक पाण्डेय, सौरभ सिंह, राहुल सिंह, महेंद्र यादव, गुलफाम खान, इरफान खान, संजीव पटेल, साजिद अली, इरशाद अहमद, उमेश पाल, वकार अहमद, राजेश यादव, विनोद यादव, मनीष पाल मीडिया प्रभारी सहित सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी व अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## शौचालय निर्माण मे धीमी प्रगति पर बीडीओ खफा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्राथमिक विद्यालयों मे स्वीकृत दिव्यांग शौचालय के निर्माण मे लापरवाही देख बीडीओ का पारा चढ़ आया। लालगंज के खण्ड विकास अधिकारी मुनौवर खां ने मंगलवार को क्षेत्र के मेढावां, सरायजगत, देल्हूपुर, पूरे तिलकराम, खेंमसरी, पूरे बंशी ग्राम पंचायतो मे स्थित प्राथमिक विद्यालयो मे दिव्यांग शौचालयो के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इन प्राथमिक विद्यालयो मे लक्ष्य के पचीस प्रतिशत से भी कम निर्माण का कार्य देख बीडीओ खफा हो गये। खण्ड विकास अधिकारी निर्माण कायी मे तेजी लाए जाने के लिए कडे निर्देश दिये।

# रोटरी क्लब और बच्चा बैंक फ्रेंडस ग्रुप के तत्वावधान में हुआ टीकाकरण

## बच्चों ने फीता काटकर किया कैम्प का उद्घाटन, 165 लोगों का हुआ टीकाकरण



**प्रतापगढ़।** मंगलवार को नया माल गोदाम रोड स्थित डा0 अनुराग मिश्रा के डेन्टल केयर सेंटर पर कोविड-19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैम्प में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कैम्प को गुब्बारों से सजाया गया था। नन्हे मुननें ने चीफ गेस्ट की भूमिका में फीता काटकर कैम्प का उद्घाटन किया।

कैंप स्वास्थ्य विभाग की तरफ से रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंडस ग्रुप, बीबीएफजी के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया था। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सोमवार से ही प्रारंभ हो गई थी। बच्चा बैंक के साथी गार्ड वी0के0 तिवारी और शनि सरोज ने रजिस्ट्रेशन का जिम्मा संभाला था। इस मौके पर रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के रोटेरियन डॉक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य, रोटेरियन उमेश प्रताप सिंह अधिवक्ता, रोटेरियन अश्विन केसरवानी, रोटेरियन नीरज त्रिपाठी अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिएशन, सुनील सिंह, रोटेरियन शरद केसरवानी बीबीएफजी से डॉक्टर अनुराग मिश्रा, उमा शंकर, राजकुमार मोदनवाल, राजेश चौरसिया ने सक्रिय योगदान दिया। टीकाकरण कैम्प का शुभारंभ बच्चा बैंक फ्रेंडस ग्रुप के बच्चों की टीम ने फीता काटकर किया। इस दौरान 165 से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गया। बीबीएफजी के फाउंडर राजेश कुमार ने बताया कि टीकाकरण का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम मोहम्मद अशरफ डीपीएच ने बढ़िया ढंग से वैक्सिनेशन किया।

## वैक्सीन खत्म होने पर लोगों ने किया हंगामा

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** स्थानीय अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज सुबह कोविड-19 के टीकाकरण के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और घण्टेभर में लम्बी लम्बी कतार लग गयी। प्रभारी डाक्टर को भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़। किंतु उपलब्ध 200 खुराक के 2 घंटे में खत्म होते ही अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। व्यवस्था और स्वास्थ्य कर्मियों को लेकर लोगों ने हंगामा किया। इस दौरान करीब 500 लोगों को वापस लौटना पड़ा। खुराक के सीमित होने की सूचना न दिये जाने से कतार में लगे लोग आक्रोशित हुए तो पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा।

## चिलबिला पश्चिमी में 240 लोगों का हुआ टीकाकरण

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा चलाए जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के क्रम में मंगलवार को चिलबिला पश्चिमी स्टेशन रोड बाबा मेडिकल स्टोर पर कैंप लगाया गया जिसमें 240 लोगों का टीकाकरण किया गया। क्लब के इंटरनेशनल कमेटी चेयरमैन रोशनलाल ने बताया कि क्लब टीकाकरण के शुभारंभ से ही टीकाकरण अभियान चला कर जनमानस को जागरूक कर सभी को टीका लगवाने की अपील कर रहा है। इस अवसर पर विकास कुमार ने टीकाकरण की टीम में लगी सोनम विश्वकर्मा, रूपाली पटेल, महावीर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सूरज कुमार, विनोद पांडे, हरेंद्र सिंह, ऋषभ, पवन कुमार, मारुत कुमार, विवेक कुमार यादव आदि रहे।

## टीकाकरण को लेकर हुई धक्का-मुक्की

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** सदर तहसील के सेतापुर ग्रामसभा के प्राथमिक विद्यालय के भवन ममें कोरोना की वैक्सीन लेने के लिए अचानक भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों ने सोशल डिस्टेंसिंग की जमकर धज्जियां उड़ाई। वैक्सीन लगवाने पहुंची भीड़ एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करती नजर आई। वहीं कई लोगों को वैक्सीन के लिए घंटों कतार में खड़े रहना पड़ा। इसी बीच अचानक धक्का-मुक्की शुरू हो गई। वैक्सीनेशन सेंटर पर लोग टीका लगवाने के लिए उतावले नजर आए। लोग सुबह से ही वैक्सीन लगवाने के लिए सेंटर पर पहुंचे हुए थे। लापरवाही की वजह से वैक्सीनेशन का काम धीमा हो रहा है।

# एंजिल्स स्कूल में हाईस्कूल में अंशुल चावला रही स्कूल टापर

## परिणाम घोषित होने पर मेधावी हुये सम्मानित



**प्रतापगढ़।** मंगलवार को सीबीएसई हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित हुआ। इस दौरान न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में अंशुल चावला ने 500 में 474 अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह स्वास्तिका सिंह ने 500 में 468 अंक पाकर दूसरा स्थान तथा रुद्र त्रिपाठी व आयुष यादव ने 500 में 464 अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

इस दौरान स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि हाईस्कूल में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार पहाड़पुर के लहरी नगर स्थित बीएन आईटीआई का परिणाम घोषित होने पर मंगलवार को विद्यालय मे प्रसनन्ता देखी गई। विद्यालय के रवि कुमार सरोज तथा शरकिंद कुमार पटेल व दीपक पाल, अनिल कुमार यादव, विजय प्रजापति, मोहित विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा व सचिन कुमार सरोज ने अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेधा का परचम लहराया है। परिणाम की जानकारी होने पर इं. भूपेश त्रिपाठी के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रम मे मेधावियो का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया।

## नितीश के पेगागस जासूसीकांड पर जांच की मांग से भाजपा पर बढ़ा नैतिक दबावः प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने पेगागस जासूसीकांड को लेकर सत्तारूढ़ एनडीए के सबसे बडे घटक एवं बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के भी जांच कराए जाने के ताजा बयान को विपक्ष की इस घटनाक्रम के मांग का सबसे मजबूत और बडा समर्थन करार दिया है।

श्री तिवारी ने कहा है कि इसराइल की कंपनी पेगागस की जासूसी से जिस तरह से निजता तथा स्वतंत्रता व देश की सुरक्षा को खतरा उत्पनन्न हुआ है।

इसे देखते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि अब भाजपा के प्रमुख सहयोगी और बिहार के सीएम नितीश कुमार भी जासूसी प्रकरण को देश की सुरक्षा से जुडा महत्वपूर्ण प्रकरण ठहराते हुए जांच को जरूरी ठहरा दिया है। मंगलवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी यहां जारी बयान मे प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस ज्वलंत मुददे पर संपूर्ण विपक्ष जहां एक जुट होकर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी मे जांच की मांग व संसद मे चर्चा कराये जाने की मांग कर रहा है वहीं अब चारों तरफ से घिरी मोदी सरकार का साथ उसके मजबूत सहयोगी भी देशहित के इस मुददे पर छोड रहे है।

## युवक से लुटरों ने छीने 22 हजार रुपये

**प्रतापगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा संग्रामगढ़ से संग्रामगढ़ ही निवासी एक युवक अपने खाते से 22500 निकाल कर जा रहा था कि तभी बैंक के बगल मेन सीसी रोड स्टेट बैंक और सिंडीकेट बैंक के बीच लुटेरों ने मुंह पर स्प्रे डालकर 22500 छीन कर भाग निकले। बेहोशी की हालत में युवक को इलाज के लिये स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में खुलेआम घटनाएं हो रही हैं। पुलिस इन पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

## 31 हजार बरामद कर की गई लिखापढ़ी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने सोमवार की देर शाम मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर गांव के पानी टँकी के पास अवैध रूप से जुआ खेल रहे 8 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 31 हजार रुपये भी बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान आलापुर में मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर गाव के अंदर गंगातट के रास्ते मे पानी टंकी के पास गंगा के रास्ते मे महुवा के बाग में जुआ खेला जा रहा है। इस पर हार जीत का दांव लगा रहे 8 जुआडियो को गिरफ्तार किया गया। इनके पास मौके पर माल फड़ तीस हजार पांच सौ रुपया नकद, जामा तलाशी तीन हजार 52 अदद ताश के पत्ते, प्लास्टिक तिरपाल चटाई, 9 अदद मोबाइल फोन, तथा 10 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया सभी को पकड़ कर थाने ले आयी। पुलिस के पूछने पर अपना नाम रमेश मौर्या पुत्र ओमप्रकाश तुलसी का पुरवा परियावां थाना नवाबगज, अजय जागड़ा पुत्र किशनलाल आदर्श कालोनी थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद, रंदीप कुमार रज्जनलाल खोजे कलापुर उर्फ बरमजीत पुर थाना ऊंचाहार रायबरेली, सुदामा उर्फ पंकज कुमार पुत्र राजाराम पूरे हिनाहू थाना नवाबगज, अजय कुमार सैनी पुत्र गुरुदयाल सैनी 1873 ब्लॉक ए थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद, रमेश कुमार वर्मा पुत्र श्रीराम वर्मा गौरी थाना नवाबगज, राजेश पुत्र जंगली मुरस्सापुर थाना नवाबगंज, अरुणकुमार पुत्र शिवनाथ कोटरा बहादुर गंज थाना ऊंचाहार रायबरेली निवासी सभी आरोपियों को मुकदमा अपराध संख्या 119/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम एक्ट के तहत लिखा पढ़ी की गई।

## पिता की डांट से क्षुब्ध होकर किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के धारूपुर गांव निवासी लकी सरोज (16) वर्ष पुत्र शिव कुमार ने आज दोपहर एक बजे के करीब अपने पिता शिवकुमार की डांट से क्षुब्ध होकर घर से दो सौ मीटर दूर स्थित सफेदा के पेड़ की डाल से रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। कुछ ही देर में शिव कुमार ने कुछ ग्रामीणों के सहयोग से लकी के शव को पेड़ से उतारकर गांव में ही जलाकर अंतिम संस्कार कर दिया। शिवानी ने इसकी सूचना नवाबगंज थाना क्षेत्र के सम्हई गांव के अपने पिता हरी लाल को दी। हरी लाल ने धारूपुर गांव पहुंचकर अपने दामाद शिवकुमार समेत तीन लोगों के ऊपर आरोप लगाते हुए कि मेरे पौत्र लकी को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करके शव को गांव के किनारे सफेदा के पेड़ पर लटका दिया। इस मामले में मृतका की मां शिवानी देवी ने थाना बाघराय में अपने पति शिवकुमार अपनी सास व अपनी ननद के विरुद्ध थाने में नामजद तहरीर दी है।

## गुमटी फूंकने पर पुलिस से शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के जगदीशगढ़ चौराहे पर सोमवार की रात अराजक तत्वों ने गुमटी फूंक दिया। आग देखते ही अतुल पांडे सहित गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन गुमटी जल चुकी थी। अराजक तत्वों ने इसके पहले भी इस गुमटी में आग लगाकर उसे खाक कर दिया था। पीड़ित ने मामले में शिकायत भी किया था लेकिन बार-बार घटना होने के कारण अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ है घटना की जानकारी कंधई पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित ने अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# व्यापारियों के हित के लिए उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल संगठन हमेशा संघर्षशीलः शत्रुघ्न केसरी

**अखंड भारत संदेश**

**कछवा।** अड़गड़ानंद महिला महाविद्यालय मोहल्ला केवटान मे रविवार को रात्रि 8:00 बजे कछवा व्यापार मंडल बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार सेठ कार्यवाहक अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित हुई इस बैठक में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष शत्रुधन केसरी व जिलाध्यक्ष शिवमुदणा व महामंत्री रामबाबू कसेरा व दुर्गा प्रसाद चौधरी रहे।

बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम व्यापार मंडल के बृजपाल दास गुप्ता व संजीव कुमार मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर किया गया तत्पश्चात प्रदेश के आगंतु उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, महामंत्री को अंग वस्त्र देते हुए माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन कर बैठक की औपचारिक शुरुआत हुई मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष शत्रु धन केसरी रहे प्रांतीय उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल संगठन सदैव मिर्जापुर व्यापार मंडल संगठन व कछवा व्यापार मंडल व्यापारियों के समस्याओं व हीत के लिए हमेशा संघर्षशील रहेगा व्यापारियों




के लिए जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री सांसद, विधायक ,जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक के माध्यम से व्यापारियों के समस्याओं से रूबरू होकर आला अधिकारियों से मिलकर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा वही जिला अध्यक्ष शिवमुदणा ने व्यापारियों को जागरूक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी की तीसरी लहर अभी बाकी है व्यापारियों को इस महामारी से बचाव के लिए आग्रह किया गया कि कोरोना वैक्सीन लगवाएं जिससे व्यापारी व उनके परिवार सुरक्षित रह सके वही मौके पर प्रांतीय मंत्री पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार उपाध्याय एडवोकेट ने अपने उद्बोधन में कहा कि कछवा व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों की छोटी व बड़ी समस्या व सुख दुख में सहभागी रहा है वह रहेगा उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हित के लिए जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार से व्यापारियों की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा जिससे व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना होने पाए समापन की अगली कड़ी में व्यापार मंडल कछवा नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए व्यापार मंडल सदैव संघर्षशील रहेगा व्यापारी की छोटी से बड़ी समस्या जैसे बिजली संबंधित स्वास्थ्य संबंधित पुलिस प्रशासन संबंधित क्यों ना हो व्यापार मंडल व्यापारियों के हित के लिए कार्य करेगा और निरंतर करता रहेगा व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी मिलकर इसमें अपना सहयोग प्रदान करेंगे जिससे व्यापारियों को किसी भी प्रकार का कोई दिक्कत ना होने पाए बैठक में पिछले वर्ष का आय-व्यय संबंधित लेखा प्रस्तुत किया जिस पर विचार विमर्श किया गया इस मौके पर कछवा व्यापार मंडल महामंत्री राम कुमार उपाध्यक्ष अनीत सिंह व विकास गुप्ता ,जयप्रकाश गुप्ता , कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता सह कोषाध्यक्ष अजय कुमार सेठ दयाशंकर मनीष गुप्ता डॉ अमरनाथ सिंह प्रदीप रस्तोगी उमेश केसरी आदि सम्मानित व्यापारी गण मौजूद रहे।

# अजय कुमार उपाध्याय को एयरपोर्ट अथॉरिटी का सदस्य मनोनीत किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**कछवा/मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कछवा नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन अजय कुमार उपाध्याय एडवोकेट को भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण वाराणसी का सदस्य नामित किया गया है यह मनोनयन केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया नई दिल्ली की निर्देशक द्वारा जारी मानोनयन पत्र के तुरंत बाद ही वाराणसी विमानतल सलाहकार समिति की आवश्यक बैठक वाराणसी एयरपोर्ट पर 6 अगस्त को निदेशक अर्यमा सान्याल द्वारा बुलाई गई है।

सुविधाओ में बढ़ोतरी तथा हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के सहयोग तथा एयरपोर्ट पर अन्य विकास कार्यों का सुझाव तथा संस्तुति प्राधिकरण को दिया जाएगा इस आशय का पत्र आज ही मेल से नागरिक उडययन मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है अजय कुमार उपाध्याय के मानोनयन पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ,ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर पटेल विधायकगण सुचिस्मिता मौर्या ,



रतनकर मिश्रा अनुराग सिंह बालेंदुमणी त्रिपाठी धनंजय पांडे उत्तम मौर्या मनोज पांडे अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष रहीस अहमद हाशमी मनोज सिंह, मुरारी सिंह, संतोष सिंह, बृजेश गुप्ता,गोपाल सिंह ,लक्ष्मीकांत ुप्ता, शिवकांत गुप्ता, कछवा व्यापार ंडल अध्यक्ष आनंद गुप्ता ,विजय सोनी, मधुसूदन शर्मा ,रामकुमार उम ,अभिषेक उमर ,अजय सेठ ,राध ेश्याम उमर, श्री राम मौर्य ,ता क नाथ, एवं कछवा मझवा क्षेत्र के भाजपा जनों ने बधाई देते हुए हर्ष व्याप्त किया।

## आज शहर में भ्रमण पर रहेंगे राज्य महिला आयोग की सदस्या

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि जनपद भदोही में दिनांक बुधवार को पूर्वान्ह 11ः00बजें से उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद भदोही में उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में बुधवार को जागरूकता शिविर का आयोजन राज्य महिला आयोग की सदस्या माननीय श्रीमती ऊषा रानी की अध्यक्षता मे किया जायेगा। महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम जिलाधिकारी महोदया की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के पदाधिकारी की उपस्थिति में कराये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

## पेड़ काटने के विवाद में मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** चौरी के स्थानीय बाजार के स्टेशन रोड पर पेड़ काटने को लेकर हुए बिबाद में बन विभाग के कमिर्यों व पेड़ काटने वालों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। मामले में बन विभाग द्वारा आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।रविवार की शाम बाजार में एक बाउंड्री मे पेड़ कट रहा था। सूचना पर बन विभाग के लोग मौके पर पहुँच गए व पेड़ कटाई रोकने लगे। एक घंटे बाद किसी बात को लेकर बन विभाग व पेड़ काटने वालों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। मामले मे एक तरफ से दिलीप कुमार बिंद 45 व दूसरे पक्ष से शिवलाल 55 घायल हो गए।मामले में वन कर्मी दिलीप कुमार बिंद की तहरीर पर शिवलाल सहित तीन नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जाच कर रही है। दूसरे पक्ष से घायल शिवलाल ने बताया कि सुखा पेड़ काटा जा रहा था । वन कमिर्यों ने सुविधा शुल्क की मांग किये व गाली गलौज करने लगे जिससे मारपीट हो गयी।

## दुर्घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज/भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग स्थित गिराई विद्युत सब स्टेशन के पास बेटे का इलाज के लिए घर से निकली महिला ललिता देवी 32 वर्ष पतने लवकुश निवासी प्रयागराज जनपद के हण्डिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बरौत गांव निवासिनी सड़क पार करते समय मोटरसाइकिल की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी थी, वही उसका 2 वर्षीय बालक को मामूली चोटें आई थी। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच करके महिला को सरकारी एंबुलेंस से उसे गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मे उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां महिला की गंभीर चोट होने के कारण उपचार के बाद उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। जहा पर महिला जिंदगी और मौत की जंग लड़ते हुए सोमवार को देर शाम दम तोड़ दिया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन का पखवाड़ा दिवस मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज/भदोही।** जनपद भदोही में चलाए जा रहे वैक्सीन के टीकाकरण का पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है । जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भी टीका का पखवाड़ा दिवस मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक आशुतोष पांडे ने बताया कि आज दिन मंगलवार को 18 प्लुस के 400 टिके लगाने का लक्ष्य है, वही 45 प्लुस को लगाने का कोई लक्ष्य नहीं है जितने भी टीका लगवाने के लिए लोग आएंगे उनको टीका लगाया जाएगा । यहां पर पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है। देखा गया कि जितने लोग व्यक्ति को लगवाने के लिए आए उन सभी को टीका लगाया जा रहा था।

# भदोही जनपद में स्वर्णकार समाज की बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** सोमवार को भदोही जनपद के केंद्र बिंदु नगर गोपीगंज के सुप्रसिद्ध देवालय दुर्गा मंदिर प्रांगण में शाम 4:00 बजे से स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष संतोष वर्मा तथा डॉ कृष्ण कुमार मंगू जी के नेतृत्व में स्वर्णकार समाज की बैठक संपनन हुई।

जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री माननीय अच्छेलाल सोनी जी का भव्य स्वागत हुआ साथ ही प्रयागराज से शिव शंकर वर्मा (विशेष आमंत्रित सदस्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) तथा देवेंद्र प्रताप सिंह ठस्वर्णकारठ (प्रदेश अध्यक्ष यूपी स्वर्णकार समाज) का भी आगमन हुआ ! जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वर्णकार बंधु एकत्रित हुए। वक्ताओं के क्रम में कृष्ण कुमार मंगू जी ने कहा कि राजनीतिक पाटिर्यां केवल लच्छेदार बातें कह कर हमारा वोट लेती हैं पर नए-नए तरीकों से हमारा शोषण भी करती है। राधेश्याम जी ने कहा कि हमें भी राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी चाहिए।मनोज सेठ ने कहा कि हमारे कारीगर



मजदूर तथा छोटे दुकानदारों की पीड़ा कोई पूछने वाला नहीं है इसलिए हमारे बीच का कोई व्यक्ति हमारी बातों को उन तक पहुंचाने वाला चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री श्री अच्छेलाल सोनी जी तथा प्रदेश अध्यक्ष स्वर्णकार समाज के देवेंद्र प्रताप जी ने कहा कि इसलिए हम सब सभी स्वर्णकार समाज तथा सर्राफा व्यवसायियों से राजनैतिक भागीदारी एवं राजनैतिक चेतना के जागरण हेतु कैडर मीटिंग (मंथन बैठक) का आयोजन कर समस्त स्वर्णकार बंधुओं को एक छत के नीचे ला रहे हैं।

हमारे समाज को कोई राजनीतिक पार्टी सम्मान देगी अधिकार देगी तथा स्थापित करेगी तभी हम सब एकजुट होकर उसे अपना पूर्ण समर्थन देंगे। जहां हमारा सम्मान नहीं वहां हमारा समर्थन नहीं होगा। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार स्वर्णकार ने किया। प्रमुख रूप से उपस्थित विजय किशन सोनी, चंदू सेठ, बबलू सेठ, कृष्णा निक्कम, चंदन सेठ, अंकित आदि लोग मौजूद थे।

## जहरीले जंतु के काटने से मासूम की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के बरदहा गांव में जहरीले जन्तु के काटने से एक 8 वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई है। मौत को लेकर परिजनों का रो रोके बुरा हाल है । बताया जाता है कि सोमवार को देर शाम फिरोज अहमद का 8 वर्षीय पुत्र सलमान घर के बाहर खेल रहा था। इस बीच उसे किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी । आनन फानन में परिजन उसे निजी चिकित्सालय में लेकर भागे, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया । मंगलवार को गाव के ही कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द खाक कर दिया गया । घटना को लेकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## अंशिका पांडे ने 86% मार्क्स पाकर माता पिता का नाम रोशन किया

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज/भदोही।** नगरीय क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्टेशन रोड निवासी सौरभ पांडे की पुत्री अंशिका पांडे ने 86झ् मार्क्स पाकर प्रथम श्रेणी में सी बी एस सी की परीक्षा पास कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया।इस संबंध में जब अंशिका से बात की गई तो उसने इसका श्रेय अपने माता पिता और अपने गुरुजनों को दिया और कहा की हमारे परिवार में सभी डॉक्टर होकर गरीब मजदूरों की सेवा करते है उसी राह पर चलकर अपने परिवार सहित गोपीगंज का नाम बुलंदियों पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

## जिला पूर्ति अधिकारी ने कोटेदारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की दिए जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जनपद के सीतामढ़ी विकास खण्ड डीघ के सभागार में सोमवार को डीघ ब्लाक के कोटेदारों को संबोधित करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह ने 5अगस्त को होने वाले .अनन्न महोत्सव. को सफल बनाने के लिए कोटेदारों को सहयोग देने की बात कही उन्होंने कहा की महामारी काल में केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के अंतर्गत गरीबों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है उसमें कोटेदारों ने मनोयोग से योजना का क्रियान्वयन कर रहे हैं 5अगस्त को अनन्न महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें कार्डधारकों को आमंत्रित कर सरकार द्वारा चलाए गए इस योजना की जानकारी दी जाएंगी प्रधानमंत्री काडधारको को सम्बोधित भी करेंगे जिसका प्रसारण टी वी पर होगा इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक डीघ दिनेश यादव सहित भारी संख्या में कोटेदार उपस्थित थे।

## जागरुकता शिविर और महिला जनसुनवाई आज

**भदोही।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि जनपद भदोही में चार अगस्त पूर्वान्ह 11ः00 बजे से राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ देने के उद्देश्य से जागरुकता शिविर और महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य ऊषा रानी भाग लेंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि यह आयोजन भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में होगा। इस जागरूकता शिविर और महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम में नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के अधिकारी भी शामिल होंगे।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना महोत्सव के लिए सूचना अधिकारी ने झोंकी ताकत

**भदोही।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत समाज के पात्र व्यक्तियों को राहत पहुंचानें के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभार्थियों को 05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति खाद्यानन्न निःशुल्क वितरित कराया जा रहा है। इस योजना का लाभ प्रत्येक वास्तविक लाभार्थी को प्राप्त हो, इसके दृष्टिगत इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बताया कि 05 अगस्त को जनपद भदोही में विभिनन्न स्थानों पर माननीय, जनप्रतिनिधिगण एवं मण्डलायुक्त महोदय के हाथो से खाद्यानन्न वितरित किया जायेगा। इसी



क्रम में जनपद में 05 2021 को आयोजित होने वाले अनन्न महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबन्ध समय से पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इस आयोजन में कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मास्क का प्रयोग अवश्य किया जाय।

# माधव ज्ञान केंद्र इंटर मीडिएट कॉलेज में कैंप लगाकर किया गया वैक्सीनेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंगलवार को माधव ज्ञान केन्द्र इण्टरमीडिएट कालेज खरकौनी, नैनी प्रयागराज में कोविड-19 टीकाकरण का कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें तुरन्त पंजियन (रजिस्ट्रेषन) कर लोगों को वैक्षिनेट किया गया।

जिसमें लगभग 484 लोगों का टीकाकरण किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्ण रूप से डा0 आलोक पाठक प्रभारी चिकित्साधिकारी खरकौनी नैनी तथा श्री मुकेष कुमार यादव ‘फर्मासिस्ट, श्रीमती रोली श्रीवास्तव, श्रीमती सुनीता देवी (एनम), श्रीमती अंकिता पाण्डेय (एनम), श्रीमती रंजना यादव (एनम) आदि अपनी टीम के साथ मिलकर देर सायंकाल तक भीड़ अधिक होने के कारण पूरी तन्मयता के साथ



लगे रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने समस्त डाक्टर, नर्सेस और उनके सहयोगी टीम की भूरि-भूरि प्रषंसा की तथा साधुवाद दिये। इस टीकाकरण में प्रमुद्ध जन श्री आषीश कुमार त्रिपाठी ‘सीनियर मैंनेजर इण्डियन बैंक चाका ब्लाक, श्री रणविजय सिंह, श्री दयाराम पाल आदि लोगों ने टीकाकरण का लाभ लिया।

## रहिए तैयार, आज और कल होगी विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

**भदोही।** जनपद में संचालित विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा चार व पांच अगस्त को की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सीडीओ भानु प्रताप सिंह ने बताया कि विकास कार्यों की समीक्षा बैठक चार अगस्त को होगी, जबकि पांच अगस्त को जनपद में निर्माणाधीन विभिनन्न परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए जनपद स्तरीय अधिकारी तैयार हो जाएं।

सीडीओ ने बताया कि विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चार अगस्त को पूर्वान्ह 11ः00 बजे से होगी।

## विश्व हिन्दू महासंघ का तीन दिवसीय कार्यक्रम आज से

**भदोही।** विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक आज रजपुरा स्थित कार्यालय में सम्पनन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम चन्द्र जी के मंदिर को मुगल शासक बाबर द्वारा तोड़वा कर मस्जिद का ढांचा खड़ा करवाया गया और 1992 में कारसेवको द्वारा कलंकित ढांचे को गिराकर भगवान राम चन्द्र जी के मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ। 2020 में न्यायालय के फैसले पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री संघठन राष्ट्रीय के अध्यक्ष महराज योगी आदित्य नाथ द्वारा 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर के नींव रखी गई। मंदिर का निर्माण कार्य बहुत ही तेजी से चल रहा है। कहा भगवान राम चन्द्र के मंदिर का निर्माण राष्ट्र का निर्माण हो रहा है। राम मंदिर राष्ट्र मंदिर के नाम से पूरे देश मे जाना जायेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा राम मंदिर की स्थापना को एक वर्ष पूर्ण होने पर संघठन के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में दिनांक 4 व 5 व 6 अगस्त को तीन दिवसीय स्थापना दिवस संघठन पूरे उत्साह से उत्सव के रूप में मनायेगा। बैठक में निहाला दुबे, सतेंद्र शुक्ला, रामेश्वर सिंह, महेश त्रिपाठी, राजपति बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल परीक्षाः श्रुति पाण्डेय को मिला 95 प्रतिशत अंक

**घोसिया।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत जीटीरोड नगर पंचायत घोसियां स्थित टेण्डर हार्ट्स इंगलिस स्कूल के छात्र एवं छात्रा ने हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में अत्यधिक अंक प्राप्त करके अध्यापकों सहित अभिभावकों का नाम रौशन किया है। गौरतलब हो कि टेण्डर हार्ट्स इंगलिस स्कूल में छात्रों के पठन-पाठन की समुचित व्यवस्थायें हैं तथा प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा दिया जाता है। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम के अनुसार श्रुति पाण्डेय ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हर्षित गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती कीर्तन कोकिला बरनवाल व प्रधानाचार्य एसपी विश्वकर्मा ने सभी बच्चों की सफलता पर बधाई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया।

## विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के स्थापना जरूरी

**भदोही।** ब्लॉक सभागार भदोही में ऑपरेशन कायाकल्प एवं मिशन प्रेरणा के उद्देश्य को प्राप्त करने के संबंध में एक उन्मुखीकरण कार्यशाला संपनन्न हुई। जिसमें विकासखंड भदोही, नगर क्षेत्र भदोही, सुरियावां के ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं शिक्षक संकुल उपस्थित रहे। बैठक में एसआरजी धीरज सिंह, रतन्शे पांडेय एवं विनय पांडेय ने ऑपरेशन कायाकल्प के पैरामीटर पर प्रकाश डाला।

खंड शिक्षा अधिकरी भदोही लालजी, नगर क्षेत्र भदोही फराह रईस एवं सुरियावां सुमन केशरवानी ने अपने-अपने विकास खंड की कायर्योजना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बीडीओ भदोही राजाराम ने सभी प्रधान से विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के स्थापना के सम्बन्ध में निर्देशित किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा की आपरेशन कायाकल्प योजना सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जो ग्राम प्रधान, हेडमास्टर एवं पंचायत अधिकारी के समन्वय से पूरी हो सकती है और विद्यालय की सूरत में बदलाव हो सकता है। कार्यक्रम में सम्पूर्ण पैरामीटर पूर्ण करने वाले ग्राम प्रधान और संकुल शिक्षक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएल पाल ने किया।

## सम्पादकीय

## ग्रेट चैंपियन सिंधु

सिंधु खेल की दुनिया में जिस मकाम पर है, उस तक बहुत कम भारतीय पहुंचे हैं। उन्होंने रियो में सिल्वर जीता था। इस बार गोल्ड पर उनकी नजर थी, लेकिन शनिवार को सेमीफाइनल में वह वर्ल्ड नंबर वन चीनी खिलाड़ी ताइजु यिंग से पराजित हो गईं। इस हार ने उन्हें निराश कर दिया, लेकिन 24 घंटे के अंदर इस निराशा से उबरते हुए उन्होंने रविवार को चीन की ही शटलर बिंग जियाओ के खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह अद्भुत था। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने रविवार को तोक्यो ओलिंपिक में भारत को सिर्फ एक मेडल ही नहीं दिलाया बल्कि उन्होंने देशवासियों, खेलप्रेमियों और खिलाडि़यों के सामने प्रेरणादायक मिसाल भी पेश की। सिंधु के इस कांस्य पदक के साथ इस ओलिंपिक में भारत के दो मेडल हो गए हैं। रियो में इतने ही मेडल मिले थे। युवा बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन को मेडल मिलना तय है। इसलिए हम अभी ही रियो से बेहतर स्थिति में हैं। यही नहीं, हॉकी में महिला और पुरुष टीमें दोनों ही सेमीफाइनल में हैं। जेवलिन में नीरज चोपड़ा से उम्मीदें हैं, लेकिन सिंधु खेल की दुनिया में जिस मकाम पर हैं, उस तक बहुत कम भारतीय पहुंचे हैं। उन्होंने रियो में सिल्वर जीता था। इस बार गोल्ड पर उनकी नजर थी, लेकिन शनिवार को सेमीफाइनल में वह वर्ल्ड नंबर वन चीनी खिलाड़ी ताइजु यिंग से पराजित हो गईं। इस हार ने उन्हें निराश कर दिया, लेकिन 24 घंटे के अंदर इस निराशा से उबरते हुए उन्होंने रविवार को चीन की ही शटलर बिंग जियाओ के खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह अद्भुत था।

ध्यान रहे कि जियाओ के खिलाफ उनका रेकॉर्ड कोई अच्छा नहीं था। उनके साथ हुए पिछले नौ मुकाबलों में से छह सिंधु के खिलाफ गए थे। शायद इसीलिए इस जीत के बाद सिंधु ने कहा, 'मैं सातवें आसमान पर हूं।' सिंधु तमाम प्रतिकूलताओं और उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए तोक्यो पहुंची थीं। 2019 का वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीतने के बाद से उनके प्रदर्शन में भी गिरावट आई थी। इस साल जनवरी में योनेक्स थाईलैंड ओपन टूर्नामेंट से वह पहले ही दौर में बाहर हो गईं। इसके ठीक बाद हुए टोयोटा थाईलैंड ओपन में भी वह क्वॉर्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सकीं। वर्ल्ड टूर फाइनल्स में वह नॉकआउट फेज में नहीं पहुंच सकीं। मार्च में स्विस ओपन के फाइनल तक तो पहुंचीं, लेकिन वहां करारी शिकस्त मिली। जाहिर है, इन सबका असर उनके मनोबल पर पड़ा होगा। मगर इन सबको पीछे छोड़ते हुए सिंधु देश की सबसे महान महिला ओलिंपियन बनीं। उनकी यह जीत कई युवाओं को खेल की दुनिया में महान ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा देगी। हालांकि, सिंधु जैसे चैंपियन तैयार करने हैं तो हमें खेल के लिए सुविधाएं और खर्च बढ़ाने के साथ देश में स्पोर्ट्स कल्चर भी लाना होगा। नीति आयोग की 2016 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय खेल प्राधिकरण 26 खेलों में 1676 युवा खिलाड़ियों को ओलिंपिक और दूसरी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रहा था। इनमें से प्रति खिलाड़ी सालाना खर्च सिर्फ 12,000 रुपये था। वहीं, भारत का खेल पर प्रति व्यक्ति खर्च सिर्फ तीन पैसे है, जबकि चीन का 6.10 रुपये। नीति आयोग ने 2016 में 20 सूत्री योजना के तहत 2024 ओलिंपिक में 50 मेडल जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी तय किया था। इस ओलिंपिक में हमारी जो हालत है, उसे देखते हुए तो यह मुश्किल ही लग रहा है।

# आधी सदी बाद हॉकी में लौटी भारत की शान

**मनोज चतुर्वेदी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 49 साल बाद ओलिंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने से देशभर में खुशी का माहौल है। भारतीयों का हॉकी से भावनात्मक लगाव है, जो ओलिंपिक खेलों में 1928 से 1964 तक बादशाहत कायम रहने से पैदा हुआ। भारत की हॉकी टीम 1972 के म्यूनिख ओलिंपिक में आखिरी बार सेमीफाइनल में पहुंची थी। इसके बाद 1980 के मॉस्को ओलिंपिक में उसने स्वर्ण पदक जीता, लेकिन तब फॉर्मेट ऐसा था कि सेमीफाइनल मैच नहीं हुए थे। इसके बाद दशकों तक भारतीय हॉकी में गिरावट का दौर चला। इस बीच, ओलिंपिक में कभी टीम आखिरी स्थान पर रही तो कभी उसके लिए क्वॉलिफाई तक नहीं कर पाई। इस बार सेमीफाइनल में टीम के पहुंचने से लग रहा है, जैसे भारत ने पुराना गौरव हासिल कर लिया हो। तोक्यो में करिश्मा सिर्फ पुरुष



हॉकी टीम ने ही नहीं किया है, महिला टीम ने भी ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

भारतीय हॉकी के स्तर में सुधार के लिए पिछले वर्षों के दौरान कई विदेशी कोच लाए गए, लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस बार जो टीम सेमीफाइनल में पहुंची है, वह भी एक विदेशी कोच ग्राहम रीड की देखरेख में तैयार हुई है। इस कोच ने टीम में जो आत्मविश्वास भरा है, उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। खासतौर पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ दूसरा मैच जिस तरह से गंवाने के बाद टूर्नामेंट में वापसी की, वह कोई मजबूत मनोबल वाली टीम ही कर सकती थी। भारतीय हॉकी टीम ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को हराकर तोक्यो ओलिंपिक में शानदार शुरुआत की थी। ब्रिटेन के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल में भारत ने मैच के तीसरे और चौथे क्वॉर्टर में विपक्षी टीम द्वारा बनाए दबाव में बिखरने की बजाय मुस्तैदी के साथ बचाव किया और फिर आखिरी मिनट में गोल जमाकर बढ़त को मजबूत कर लिया। इससे पता चलता है कि टीम के इरादे कितने मजबूत हैं। आम तौर पर हमारे डिफेंडर बचाव में लड़खड़ा जाते थे, जिसका फायदा उठाकर सामने वाली टीमें हार को जीत में बदल लिया करती थीं। मौजूदा टीम को देखकर लगता है कि अब उनके लिए ऐसा करना मुश्किल होगा। इस टीम में एक और खूबी देखने को मिली। पहले हम बढ़त बनाने के बाद डिफेंसिव हो जाया करते थे, लेकिन ग्राहम रीड की इस टीम ने बढ़त बनाने के बाद अच्छा बचाव करने के साथ



हमले भी जारी रखे। टीम में यह बदलाव खिलाडि़यों की अच्छी फिटनेस की वजह से आया है। पहले भारतीय टीम खराब फिटनेस के कारण भी दिक्कतें झेलती थी। अब हमारे खिलाड़ी इस मामले में किसी भी टीम से कम नहीं हैं। उनमें पूरे 60 मिनट एक ही गति से खेलने की क्षमता है। इसमें बड़े पैमाने पर होने वाली सब्स्टिट्यूशन और खेल के 15-15 मिनट के चार क्वॉर्टरों ने भी अहम भूमिका निभाई है।

ओलिंपिक हॉकी के मौजूदा फॉर्मेट में एक मैच किसी टीम की तकदीर बदल सकता है। भारतीय टीम ने ब्राजील के रियो में हुए पिछले ओलिंपिक में भी अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन तब वह क्वॉर्टर फाइनल में बेल्जियम से हार गई थी। इसलिए उस पर असफलता का टैग लगा रह गया था। इस बार वह क्वॉर्टर फाइनल मुकाबला जीतकर सफल टीमों में तो शुमार हो गई है, लेकिन अब उसे 41 सालों से चली आ रही ओलिंपिक पदक से दूरी को खत्म करने के लिए विश्व चैंपियन बेल्जियम से भिड़ना है। बेल्जियम को भारत ने हाल में हराया है।

इसलिए सेमीफाइनल मुकाबले में टीम मजबूत हौसले के साथ मैदान में उतरेगी। और इसका श्रेय ग्राहम रीड को जाता है। कोच की जिम्मेदारी संभालने के बाद सबसे पहले तो उन्होंने टीम को एक सूत्र में पिरोया। दूसरी अहम बात यह रही कि भारतीय खिलाडि़यों पर कोई स्टाइल थोपने के बजाय उन्होंने उनकी स्टाइल को ही और विकसित करके आधुनिक हॉकी के अनुकूल बनाया। इसी का परिणाम है कि टीम की गोल जमाने की क्षमता में बढ़ोतरी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-7 से मिली हार को छोड़ दें तो भारत ने इस ओलिंपिक में सभी टीमों के खिलाफ कम से कम तीन गोल जरूर जमाए। भारतीय टीम का एक और शानदार प्रदर्शन टीम को पोडियम पर ही नहीं चढ़ाएगा बल्कि स्वर्ण और रजत पदक को पहुंच में कर देगा। बेल्जियम को भारत एफआईएच प्रो-लीग में हरा चुका है। इस लीग में हमने ऑस्ट्रेलिया को भी फतह किया था। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि ओलिंपिक मुकाबलों में अतीत के प्रदर्शनों का कोई मतलब नहीं रह जाता। इसमें खेलने का हर टीम के ऊपर एक अलग ही दबाव रहता है। जो टीम इस दबाव से निपटने में कामयाब हो जाती है, सफलता उसी के कदम चूमती है। महिला हॉकी की जहां तक बात है तो इसका इतिहास पुरुष टीम जैसा चमकदार नहीं है। महिला टीम ने 1980 के मॉस्को ओलिंपिक से ही भाग लेना शुरू किया है। पिछले ओलिंपिक में टीम अंतिम स्थान पर रही थी। इस बार भी टीम पूल मैचों में नीदरलैंड, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से हारी तो लगा कि वह क्वॉर्टर फाइनल में भी स्थान शायद ही बना सके। लेकिन आखिरी दो मैचों में आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका को हराकर क्वॉर्टर फाइनल में स्थान बनाने के बाद अब तीन बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर महिला टीम ने इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम इस ओलिंपिक में धीरे-धीरे निखरकर आ रही है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी पूल मैच में वंदना कटारिया ने हैट्रिक जमाई। वह भारत के लिए ओलिंपिक में हैट्रिक जमाने वाली इकलौती भारतीय महिला हैं। बहरहाल, महिला टीम के सेमीफाइनल में स्थान बना लेने से अब उसकी भी गिनती दुनिया की दिग्गज टीमों में होने लगेगी।

# यूएनएससी बैठक की अध्यक्षता करने का अवसर मिलना मोदी के लिए पूरी दुनिया में छाने का मौका

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

बार शामिल हुए थे लेकिन शामिल होने और अध्यक्षता करने में बड़ा फर्क है। देखना है कि भारतीय अध्यक्षता का वह दिन ठीक से निभ जाए। अपनी अध्यक्षता के कार्यकाल में भारत क्या वही करेगा, जो दूसरे देश करते रहे हैं? संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ऐसी संस्था है, जो सबसे शक्तिशाली है। इसके पांच सदस्य स्थायी हैं। ये हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन। इन पांचों सदस्यों को वीटो का अधिकार है। अर्थात यदि इन पांचों में से एक भी किसी प्रस्ताव का विरोध कर दे तो वह पारित नहीं हो सकता। इन पांच के अलावा इसके 10 साधारण सदस्य हैं, जो दो साल के लिए चुने जाते हैं। भारत कई बार इस परिषद का साधारण सदस्य रह चुका है लेकिन यह पहली बार हुआ है कि भारत ने इस सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष की तौर पर 1 अगस्त से अपना काम शुरू कर दिया है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ही प्रायः अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेंगे लेकिन खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर को छूटने नहीं देंगे। वे 9 अगस्त को अध्यक्षता करेंगे। यों तो तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंहराव भी सुरक्षा परिषद की बैठक में एक बार शामिल हुए थे लेकिन शामिल होने और अध्यक्षता करने में बड़ा फर्क है। देखना है कि भारतीय अध्यक्षता का वह दिन ठीक से निभ जाए। अपनी अध्यक्षता के कार्यकाल में भारत क्या वही करेगा, जो दूसरे देश करते रहे हैं? अभी जो खबरें सामने आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि भारत तीन मुद्दों पर सबसे ज्यादा जोर देगा। एक तो सामुद्रिक सुरक्षा, दूसरा शांति-व्यवस्था और तीसरा आतंकवाद-विरोध! ये तीन मुद्दे महत्वपूर्ण और अच्छे हैं।

हो सकता है कि पिछले हफ्ते जैसा कि मैंने सुझाया था, भारत की अध्यक्षता के दौरान एक साल के लिए अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना को भेजने का सुरक्षा परिषद फैसला कर ले और वहां चुनाव के द्वारा लोकप्रिय सरकार कायम करवा दे तो भारत की अध्यक्षता एतिहासिक और चिर-स्मरणीय हो जाएगी। इसके अलावा भारत की अध्यक्षता में यदि दुनिया को परमाणु शस्त्र विहीन बनाने की कोशिश हो तो संपूर्ण मनुष्य जाति भारत की आभारी होगी। यह काम अत्यंत कठिन और लगभग असंभव है लेकिन यदि भारत के पास कोई महात्मा गांधी जैसा प्रधानमंत्री होता तो शायद महाशक्तियां उसका आग्रह मान लेंती। फिर भी भारत को इस दिशा में अपना प्रयतन्‍ जारी रखना चाहिए। परमाणु-विध्वंस जैसा खतरा उस सूक्ष्म विध्वंस से भी है, जो पर्यावरण के प्रदूषण से हो रहा है। सारी दुनिया में लाखों लोग रोज हताहत हो रहे हैं लेकिन प्रदूषण पर कोई प्रभावी लगाम नहीं है। यदि सुरक्षा परिषद सारी दुनिया में प्रदूषण-मुक्ति का कोई जन-आंदोलन छेड़ सके तो यह विश्व-संस्था विश्व-वंदनीय बन सकती है। भारत चाहे तो वह संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनर्गठन की मांग भी रख सकता है कि ताकि भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी जैसे राष्ट्रों को विशेष महत्व मिले।

# अमेरिका की लापरवाही से बिगड़े हालात भारत समेत पूरी दुनिया के लिए सबक हैं

**शकील अख्तर**

प्रवैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। यहां तक माना जा रहा है कि यूरोपीय देशों में तो तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। यह तो संपनन्‍ और शिक्षित देशों के हालात हैं। ऐसे में पिछड़े देशों के हालात की कल्पना आसानी से की जा सकती है। एक छोटी-सी लापरवाही अमेरिका सहित दुनिया के देशों पर भारी पड़ने लगी है। दरअसल अमेरिका में कोरोना संक्रमण का ग्राफ एक बार फिर बढ़ने लगा है और इसका प्रमुख कारण सरकार द्वारा मास्क हटाने के जल्दबाजी के निणन्‍य को माना जा रहा है।

हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि अमेरिका में वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगा चुके नागरिकों को भी अब बंद स्थानों पर भी मास्क लगाए रहने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल मास्क हटाने की लापरवाही के चलते अमेरिका में संक्रमण का ग्राफ 145 फीसदी तक बढ़ गया है। 28 जुलाई को अमेरिका संक्रमण के मामलें में एक बार फिर शीर्ष पर आ गया और 61 हजार नए मामले सामने आए हैं। चिंता की बात यह है कि भारत भी संक्रमण के मामले में दूसरे नंबर पर और ब्राजील तीसरे नंबर पर चल रहे हैं। हालांकि कोरोना से मौत के मामले में भारत तीसरे स्थान पर है। पर हालात की गंभीरता को इसी से समझा जाना चाहिए कि केरल और महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। इसे भी पढ़ेंः तीसरी लहर की छोडि़ये, पहली और दूसरी लहर ने क्या बच्चों को कम प्रभावित किया है ? दरअसल अमेरिका में 14 मई को एक आदेश जारी कर वैक्सीनेशन की दोनों डोज लगा चुके लोगों को सार्वजनिक और इनडोर स्थानों पर भी मास्क न लगाने की छूट दे दी गई। लोगों को मौका मिल गया और फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना नहीं होनी ही थी। इससे कोरोना के नए अवतार डेल्टा का संक्रमण बढ़ने लगा और परिणाम सबके सामने हैं। यह सब तो तब है जब अमेरिका में 49 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं। ऐसा नहीं है कि अमेरिका में ही यह हालात हो, इंग्लैण्ड की स्थिति सबके सामने है। इसी तरह कमोबेश स्थितियां अन्य देशों में सामने आ रही हैं।

वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। यहां तक माना जा रहा है कि यूरोपीय देशों में तो तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। यह तो संपनन्‍ और शिक्षित देशों के हालात हैं। ऐसे में पिछड़े देशों के हालात की कल्पना आसानी से की जा सकती है। देश में कोरोना की दूसरी लहर के हालातों ने जितनी जनहानि की है वह त्रासद स्थिति भुलाए नहीं भूली जा सकती। ऑक्सीजन के लिए तड़पते संक्रमितों और उनके परिजनों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जाते, बेड नहीं मिलने के कारण अस्पताल के बाहर ही दम तो.ड़ते लोगों के जो हालात सामने रहे हैं वह हालातों को स्वयं बयां करने को काफी हैं। वेंटिलेटर बेड, ऑक्सीजन बेड के लिए जो मारामारी रही और जिस तरह से कुछ असामाजिक लोगों ने इन हालातों का बेजा फायदा उठाने का प्रयास किया वह मानवता को शर्मसार करने के लिए काफी है। कोरोना के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की जिस तरह से जमाखोरी और कालाबाजारी सामने आई और एक-एक लाख तक में इंजेक्शन ब्लैकियों द्वारा उपलब्ध कराया जाना अपने आप में चिंतनीय है। ऐसे में तीसरी लहर के लिए गंभीर होना जरूरी हो जाता है। खासतौर से तीसरी लहर में बच्चों के अधिक संक्रमित होने की भविष्यवाणी गंभीर हो जाती है।

दरअसल हमें ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों को अमेरिका के ताजा हालातों से सबक लेना होगा। हमारे यहां भी छूट का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही आम होती जा रही है। हालांकि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए देर सबेर हालात सामान्य करना भी आवश्यक है। पर इस सबके साथ कोरोना प्रोटोकाल की पालना भी उतनी ही जरूरी हो जाती है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना अभी गया नहीं है। इसका असर बरकरार है।

इसलिए लोगों को कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर रहना ही होगा। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी आज भी उतना ही जरूरी है जैसा पहले था। अब स्टे होम, स्टे सेफ की बात करना तो बेमानी होगा। क्योंकि कोरोना के साथ साथ ही हमें जीना है, आगे बढ़ना है, आर्थिक गतिविधियों को संचालित करना है, काम धंधे जारी रखना है। आखिर सरकार की भी एक सीमा है। ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व हो जाता है कि वो आत्म नियंत्रण करना सीखे। यह हमारी सनातन परम्परा भी कहती आ रही है। इसमें नया कुछ भी नहीं है। निज पर शासन फिर अनुशासन आज की आवश्यकता है। मास्क का उपयोग और दो गज की दूरी उतनी ही जरूरी है जितनी कोरोना के पहले दौर में थी। मास्क लगाना, बार-बार हाथ धोना और सेनेटाइजर का उपयोग आने वाले समय में भी जारी रखना होगा। अपनी सुरक्षा अपने हाथ में है यह हमें समझना होगा। यह देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी हो जाती है। हालांकि देश में तेजी से वैक्सीनेशन जारी है। पर हमें अमेरिका से सबक लेना होगा, वैक्सीनेशन का मतलब कोरोना व खासतौर से कोरोना के नए अवतारों से मुक्ति नहीं समझना होगा। हालांकि देश में एंटीबॉडीज का प्रतिशत बढ़ रहा है। यह भी सही है कि कोरोना की दोनों डोज लेने के बाद भी संक्रमित हुए हैं और ऐसे संक्रमितों को जीवन मृत्यु से दो चार होते हुए देखा गया है। इसलिए हमें मास्क लगाना, दो गज की दूरी सहित कोरोना प्रोटोकाल की पालना के लिए गंभीर रहना ही होगा। सरकार को भी कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति कठोरता बरतनी ही होगी।

# विपक्षी महारथियों ने टरकाया तब ममता बनर्जी को समझ आया, 'दिल्ली अभी दूर है'

**नीरज कुमार दुबे**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पाँच दिवसीय दिल्ली दौरे से पहले ऐसा माहौल बना दिया गया था कि दिल्ली में बड़ा राजनीतिक भूचाल आने वाला है और विपक्ष का नेता कौन होगा, इस सवाल का जवाब मिलने वाला है। ममता बनर्जी खुद भी बड़ी उम्मीदों और आशाओं के साथ दिल्ली आईं लेकिन केंद्र की राजनीति के विपक्षी महारथियों ने उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से साफ संकेत दे दिये कि अभी उनसे पहले कई लोग कतार में लगे हैं। लेकिन ममता बनर्जी भी योद्धा हैं वह दिल्ली की राजनीति कई वर्षों तक कर चुकी हैं इसीलिए जानती हैं कि यहाँ वापस से जगह बनाना इतना आसान नहीं है इसलिए दीदी ने तय किया है कि वह हर दो महीने में दिल्ली आयेंगी ताकि उनकी सक्रियता यहाँ बनी रहे। वैसे विपक्षी महारथियों ने भले ममता को नेतृत्व के मुद्दे पर टरका दिया हो लेकिन उन्हें एक बात जान लेनी चाहिए कि यदि वह ममता बनर्जी को अपना नेता मानने को तैयार नहीं हैं तो ममता बनर्जी भी उनमें से किसी को आसानी से अपना नेता मानने को तैयार नहीं होंगी।

ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के साथ मुलाकात के बाद भले कह दिया हो कि भाजपा के खिलाफ बनने वाले गठबंधन का नेतृत्व कौन करेगा यह मुद्दा ही नहीं है और वक्त आने पर नेता का नाम तय हो जायेगा लेकिन सच्चाई यह है कि असल मुद्दा नेतृत्व ही है और इस बात को लेकर विपक्षी दलों के बीच अच्छी-खासी खींचतान भी है। जरा टाइमिंग पर गौर कीजियेगा जिस समय मोदी सरकार को घेरने के लिए ममता बनर्जी विपक्ष के नेताओं से बातचीत के लिए दिल्ली आईं ठीक उसी समय कांग्रेस बेहद सक्रिय हो गयी। राहुल गांधी और कांग्रेस के आला नेता लगातार विपक्ष के नेताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं और मीडिया को भी संयुक्त रूप से संबोधित कर रहे हैं।

इससे पहले कांग्रेस के नेता राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य से एकदम गायब थे। भले यह कहा जा सकता है कि अभी संसद का सत्र चल रहा है इसलिए कांग्रेस को सक्रिय होना ही था लेकिन जानकार सूत्रों का यही कहना है कि कांग्रेस की ओर से अप्रत्यक्ष रूप से ममता बनर्जी को संदेश दिया गया है कि बिना उसकी भागीदारी और बिना उसके नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन बन ही नहीं सकता और बन भी गया तो चल नहीं सकता। भारत का राष्ट्रीय राजनीतिक इतिहास भी यही कहता है कि कांग्रेस ने अपने समर्थन से चलने वाली किसी भी सरकार को कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया है। हाँ, कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारें जरूर अपना कार्यकाल पूरा कर पायी हैं।

खैर ममता बनर्जी पर ही केंद्रित रहा जाये तो यह साफ दिख रहा है कि तीन बार बंगाल का मैदान जीतने वालीं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इस बार अपने लिये बड़ा लक्ष्य तय कर लिया है। इसके लिए उन्होंने रणनीति बनाकर मेहनत भी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और किसी सुझाव को वह भले नहीं मानें लेकिन आत्मनिर्भर बनने का मोदी का रास्ता उन्हें जरूर भा गया है। इसीलिए तृणमूल कांग्रेस हिंदी पट्टी के राज्यों में अपना आधार बढ़ाने के लिए जल्द ही वहाँ चुनावी मैदान में उतरेगी। तृणमूल कांग्रेस का प्रयास रहेगा कि पश्चिम बंगाल के बाहर भी चुनाव जीता जाये जिससे समय आने पर अन्य दल उसके नेतृत्व में या उसके साथ खड़े हो सकें। देखा जाये तो राजनीति में महत्वाकांक्षी होना गलत नहीं है और शीर्ष पद की आकांक्षा सबको रखनी ही चाहिए लेकिन अपने लिये बड़ी आकांक्षा रखने और लोगों की आकांक्षाएं पूरी करने में बड़ा फर्क होता है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में आज कई समस्याएं हैं और वर्तमान सरकार की ओर से कई बड़ी चुनौतियों पर विजय पाना अभी बाकी है। ऐसे में विपक्ष की ओर से यदि देश के सामने विकल्प पेश करने का प्रयास किया जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। लेकिन विपक्ष को समझना होगा कि सिर्फ मोदी विरोधी एजेंडे के जरिये ही भाजपा का मुकाबला नहीं किया जा सकता। भाजपा का मुकाबला करना है तो आपको जनता के सामने इस बात की रूपरेखा पेश करनी होगी कि वर्तमान चुनौतियों और समस्याओं से वह कैसे निबटेंगे। साथ ही विपक्षी दलों को समस्याओं का हल निकालने का अपना ट्रैक रिकॉर्ड भी जनता को बताना होगा क्योंकि इस देश ने देखा है कि कैसे किसानों की कर्ज माफी या अन्य लोक लुभावन वादों के सहारे सत्ता हासिल करने वाले दल बाद में अपने वादों पर चुप्पी साध जाते हैं। विपक्ष को यह बात भी समझनी होगी कि नेतृत्व के लिए उसके बीच जितना झगड़ा होगा वह उसके लिए उतना ही नकारात्मक सिद्ध होगा क्योंकि जनता कभी नहीं चाहेगी कि वह एक स्थिर सरकार को हटा कर ऐसी सरकार लाये जिसमें प्रधानमंत्री की कुर्सी के लिए नेता आपस में ही भिड़ते रहें। देश की जनता को आज पूर्ण बहुमत की सरकार द्वारा लिये जाने वाले कड़े और बड़े फैसलों के महत्व, उन फैसलों के परिणाम और उसमें आने वाले आनंद का पता लग चुका है इसलिए अब केंद्र में दोबारा से गठबंधन सरकार का बनना बेहद मुश्किल है।

# भारत को क्या चाहिए, लवलीना या लैलापुर?

**शांतनु नंदन शर्मा**

पूर्वोत्तर भारत इन दिनों दो अलग-अलग वजहों से चर्चा में है। एक, वहां के ओलिंपिक पदक विजेता खेलों में आशा के अग्रदूत बने हैं। दूसरे, वहां का अंतरराज्यीय सीमा संघर्ष, जो उन पुराने घावों की याद दिलाता है, जो अभी तक भरे नहीं हैं। पहली वजह क्षेत्र के मुख्यधारा में जुड़ने की प्रक्रिया को रफ्तार देगी, जबकि दूसरी भावनाएं भड़काकर आने वाले कल के लिए दिक्कत पैदा करेगी। पहली वजह वैश्विक मंच पर दो युवतियों की जीत है तो दूसरी, मुख्यमंत्रियों के विवाद को अच्छे से निपटाने में हुई हार। लेकिन पहले अच्छी कहानी। पूरा देश अब मणिपुरी वेटलिफ्टर सैखोम मीराबाई चानू और असमिया मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को पहचानता है। चानू ने तोक्यो ओलिंपिक में सिल्वर पर कब्जा किया है, जबकि लवलीना ने अपना मेडल पक्का कर लिया है, बस उसका रंग स्पष्ट होना बाकी है। ये चीजें बाकी भारत के साथ नॉर्थ ईस्ट को तेजी से घुलने-मिलने में मदद करेंगी।

ज्यादातर लोगों को चानू का पहला नाम मीराबाई जाना-पहचाना लगेगा, लेकिन उनके परिवार का नाम- सैखोम उन्हें विदेशी लगेगा। जैसे मारवाड़ी राजस्थान के मूल निवासी जातीय समूह हैं, या कोंकणी दक्षिण-पश्चिम भारत में कोंकण इलाके के लिए स्वदेशी हैं, वैसे चानू मणिपुर के मूल निवासी जातीय समूह मैतेई से हैं। मैतेई मेइतिलोन (मणिपुरी) बोलते हैं, जो एक तिब्बती-बर्मी भाषा है और संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। वहीं लवलीना के परिवार का नाम बोरगोहेन, अहोम राजाओं के चोटी के सलाहकारों के लिए रिजर्व एक उपाधि थी। 1228 में असम में अहोम राजवंश की स्थापना करने वाले चाओ लुंग सुकफा, वर्तमान म्यांमार और चीन के युननन तक अपना साम्राज्य फैलाने वाले राज्य मोंग माओ के एक राजकुमार थे। आज मीराबाई और लवलीना इंडियन आइडल्स हैं। अब एक मुश्किल सवाल। दोनों ही उन भारतीयों की तरह दिखते हैं, जो अक्सर देश के मेट्रो सिटीज जैसे नई दिल्ली और बेंगलुरु की उन जगहों में नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं, जहां ये रहते हैं। ऐसे में यह नया लगाव कैसे खड़ा होता है? जबकि पूर्वोत्तर के लोगों के साथ नस्लीय भेदभाव जारी है तो क्या मीराबाई और लवलीना का उत्सव भारत के नए खेल प्रतीक के रूप में मनाया जा रहा है? कुछ भी हो, मीराबाई और लवलीना आशा तो जगाती ही हैं। फिर छह बार की विश्व बॉक्सिंग चैंपियन मेरी कॉम भी हैं। निश्चित रूप से मीराबाई और लवलीना के चेहरे बाकी भारतीयों को देश के विविध और भौगोलिक रूप से दूर-दराज के क्षेत्रों के बारे में सांस्कृतिक रूप से जागरूक करने का काम कर सकते हैं। अब चलते हैं बुरी खबर की ओर। यह असम और मिजोरम के बीच एक संवेदनशील सीमा विवाद से निपटने में हुई नाकामी के बारे में है। ऐसी चीज जो क्रोध और अलगाव भड़काती है, जो उग्रवाद के पनपने के लिए बुनियादी तत्व हैं। असल में, इस संघर्ष को कहीं दूर होने वाली एक अलग-थलग घटना के रूप में खारिज करना विनाशकारी होगा। बहुतों को 26 जुलाई को हुई घटना याद नहीं होगी। इस दिन पुलिस के एक आईजी लेवल के अधिकारी ने तकरीबन 200 सशस्त्र कमिर्यों को कहा कि वे पड़ोसी राज्य के पुलिस बल को एक चौकी खाली करने के लिए 'मनाएं'। इसके बाद जो हुआ, वह बेहद दुखद था। लैलापुर (असम)- वैरेंगटे (मिजोरम) सीमा पर, असम के पुलिसकमिर्यों पर मिजोरम पुलिस ने पास की पहाडि़यों से मशीनगन से गोलियां चलाईं, जिसमें छह की मौत हो गई और एसपी रैंक के एक अधिकारी सहित 50 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं मिजोरम की ओर से एक पुलिसकर्मी समेत दो लोग घायल हुए। ऐसे विषम हालात से निपटने के लिए काफी संवेदनशीलता चाहिए। मसले पर बातचीत करने वालों को संघर्ष के इस इलाके का इतिहास खंगालने की जरूरत है। 1966 में भारतीय वायु सेना ने मिजोरम की वर्तमान राजधानी आईजॉल पर बमबारी की थी। वजह यह थी कि मिजो नैशनल फ्रंट (एमएनएफ) के गुरिल्लाओं ने शहर को घेर लिया था। यह आजाद भारत के अंदर सेना की बमबारी का इकलौता उदाहरण है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह पर विशेष अतिथि होगी ओलंपिक टीम, पीएम मोदी भेजेंगे न्योता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे भारतीय ओलंपिक दल को विशेष अतिथि के रूप में लाल किले पर आमंत्रित करेंगे। आमंत्रण के साथ.साथ प्रधानमंत्री मोदी सभी लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे और उनसे बातचीत भी करेंगे। साथ में लाल किले पर कार्यक्रम के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओलंपिक में शामिल सभी भारतीय प्रतिभागियों से बातचीत करने के लिए अपने आवास पर आमंत्रित करेंगे।



बता दें कि भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि जब ओलंपिक में हिस्सा लेने गए सभी खेलों की पूरी टीम को स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में लाल किले पर बुलाया जाएगा। ओलंपिक 2020 का आयोजन जापान की राजधानी तोक्यो में किया जा रहा है। जिसमें भारत की ओर से कुल 228 खिलाडि.यों और मैनेजमेंट दल को भेजा गया है। इसमें 120 एथलीट हैं जबकि बाकी कोच और अन्य सदस्य हैं। अभी तक के खेल में भारत को एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल हुआ है। हालांकि अभी पुरुष और महिला हॉकी टीम से पदक की उम्मीद है। मोदी नियमित रूप से टीम को प्रोत्साहित करते रहते हैं और उन्होंने कई खिलाडि.यों से बातचीत भी की है।

भारतीय हॉकी टीम का 41 साल बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का सपना मंगलवार को यहां बेल्जियम के हाथों अंतिम चार में 2.5 से करारी हार के साथ टूट गया लेकिन तोक्यो खेलों में टीम अब भी कांस्य पदक की दौड़ में बनी हुई है। भारतीय टीम एक समय बढ़त पर थी लेकिन अंतिम 11 मिनट में तीन गोल गंवाने और अलेक्सांद्र हैंड्रिक्स ;19वेंए 49वें और 53वें मिनटद्ध की हैट्रिक उस पर भारी पड़ गयी। विश्व चैंपियन बेल्जियम की तरफ से हैंड्रिक्स के अलावा लोइक फैनी लयपर्ट ;दूसरेद्ध और जॉन जॉन डोहमेन ;60वें मिनटद्ध ने भी गोल किये।

# मेंस हॉकी में सुनहरा सपना टूटा, लेकिन पदक की उम्मीद कायम, एथलेटिक्स में खराब प्रदर्शन

**टोक्यो (एजेंसी)।** चार दशक बाद ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने का भारतीय मेंस हॉकी टीम का सपना दुनिया की नंबर एक टीम बेल्जियम ने तोड़ दियाए हालांकि जर्मनी को हराकर ब्रॉन्ज का तमगा अभी भी मिल सकता है। वहीं एथलेटिक्स में भारतीयों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जब गोलाफेंक में तेजिंदर सिंह तूर और भालाफेंक में अनु रानी क्वालीफाइंग दौर से बाहर हो गए।

आखिरी क्वार्टर में खराब प्रदर्शन का खामियाजा भारतीय हॉकी टीम को भुगतना पड़ा और बेल्जियम ने उसे 5.2 से हरा दिया। मनप्रीत सिंह की टीम हालांकि टोक्यो खेलों में अब भी ब्रॉन्ज मेडल की दौड़ में बनी हुई हैए जिसके लिए उसका सामना गुरुवार को जर्मनी से होगा। जर्मनी को दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1.3 से हार का सामना करना पड़ा।भारतीय टीम एक समय बढ़त पर थीए लेकिन अंतिम 11 मिनट में तीन गोल गंवाने और अलेक्सांद्र हैंड्रिक्स ;19वेंए 49वें और 53वें मिनटद्ध की हैट्रिक उस पर




भारी पड़ गई। वर्ल्ड चैंपियन बेल्जियम की तरफ से हैंड्रिक्स के अलावा लोइक फैनी लयपर्ट ;दूसरेद्ध और जॉन जॉन डोहमेन ;60वें मिनटद्ध ने भी गोल किए। भारत की तरफ से हरमनप्रीत सिंह ने सातवें और मनदीप सिंह ने आठवें मिनट में गोल किए थे। बेल्जियम रियो ओलंपिक का रजत पदक विजेता है और उसने इस तरह से लगातार दूसरी बार ओलंपिक फाइनल में जगह बनाई है। कुश्ती में युवा भारतीय पहलवान सोनम मलिक को ओलंपिक में डेब्यू करते हुए महिला 62 किग्रा वर्ग के पहले दौर के मुकाबले में ही मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।उननीस साल की सोनम दो श्पुश.आउटश् प्वॉइंट्स जुटाकर 2.0 से आगे चल रही थीं, लेकिन एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता खुरेलखू ने भारतीय पहलवान को गिराकर दो प्वॉइंट्स हासिल करते हुए बराबरी हासिल कर लीए जबकि मुकाबले में सिर्फ 35 सेकेंड का खेल बचा था। इसके बाद अंत तक स्कोर 2.2 रहा लेकिन मंगोलिया की पहलवान को अंतिम प्वॉइंट जुटाने के कारण विजेता घोषित किया गया।

मंगोलिया की पहलवान को अगले दौर में दूसरी वरीय और 2018 की विश्व चैंपियन बुल्गारिया की तैयब मुस्तफा युसेन से हार झेलनी पड़ीए जिससे भारतीय पहलवान भी स्पर्धा से बाहर हो गई। एथलेटिक्स में एशियाई रिकॉर्डधारी शॉटपुट ;गोला फेंकद्ध खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर क्वालीफिकेशन में ग्रुप ए में 13वें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। तूर ने जून में इंडियन ग्रां प्री में 21ण्49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। वे ओलंपिक में पहले प्रयास में ही वैध थ्रो फेंक सके जो 19ण्99 मीटर का था। वे 16 प्रतियोगियों में 13वें स्थान पर रहे । कंधे पर पट्टी बांधकर खेलने वाले तूर के दो प्रयास अवैध रहे। तूर दूसरे क्वालीफिकेशन ;ग्रुप बीद्ध से पहले ही बाहर हो गए। दोनों क्वालीफाइंग दौर में 21ण्20 मीटर पार करने वाले या कम से कम 12 प्रतियोगी फाइनल में पहुंचेंगे।

वहीं अनु रानी भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई और 54ण्04 मीटर के निराशाजनक प्रदर्शन के साथ 14वें स्थान पर रहीं।




# महिला हॉकी टीम से देश को पदक की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक का 12वां दिन भारतीय फैन्स के लिए खुशियों भरा साबित हो सकता हैए क्योंकि इस दिन कई खिलाडि.यों से पदक की उम्मीद रहेगी। इसमें सबसे आगे भारतीय महिला हॉकी टीम और बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन के मैच हैं। हॉकी टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है और वह फाइनल में पहुंचकर इसमें और इजाफा करना चाहेगी। हॉकी टीम का ओलंपिक में इससे पहले बेस्ट प्रदर्शन मॉस्को ओलंपिक 1980 में रहा था जब वह छह टीमों में चौथे स्थान पर रही थी। ऐसा ही कुछ हाल लवलीना का भी है। अपने पहले ही ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल सुनिश्चित कर चुकीं लवलीना अब सिल्वर या गोल्ड पक्का करना चाहेंगी। लवलीना का पदक पिछले नौ वर्षों में भारत का मुक्केबाजी में पहला पदक होगा लेकिन उनका लक्ष्य अब फाइनल में पहुंचना होगा जहां अभी तक कोई भारतीय नहीं पहुंचा है। इसके अलावा भारत को कुश्ती में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आइए नजर डालते हैं कि बुधवार को भारत का कार्यक्रम ;भारतीय समय के अनुसारद्ध किस प्रकार रहेगा।

# विश्व चैंपियन के खिलाफ इतिहास रचने उतरेंगी भारतीय मुक्केबाज लवलीना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ;69 किग्राद्ध टोक्यो ओलंपिक में पहले ही पदक पक्का कर चुकी हैंए लेकिन बुधवार को वह तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ जीत दर्ज करके ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज बनने की कोशिश करेंगी। असम की 23 साल की लवलीना इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी हैं। वह पदक पक्का करके पहले ही विजेंदर सिंह ;2008द्ध और एम सी मैरीकॉम ;2012द्ध की बराबरी कर चुकी है। लवलीना का पदक पिछले नौ वर्षों में भारत का मुक्केबाजी में पहला पदक होगा लेकिन उनका लक्ष्य अब फाइनल में पहुंचना होगा जहां अभी तक



कोई भारतीय नहीं पहुंचा है।

नेशनल कोच मोहम्मद अली कमर ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले की पूर्वसंध्या पर कहाए श् यह मुकाबला दोपहर बाद होगा और इसलिए हम पिछले दो दिनों से दोपहर बाद ही अभ्यास कर रहे हैं। ये दोनों मुक्केबाज इससे पहले एक दूसरे से नहीं भिड़े हैं और वे दोनों एक दूसरे के खेल के बारे में नहीं जानते हैं। लवलीना अच्छे प्रदर्शन के प्रति आत्मविश्वास से भरी है और मुझे पूरा विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगी। यह मुक्केबाज भी अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट है। उन्होंने पिछले दौर में चीनी ताइपै की पूर्व विश्व चैंपियन नीन चिन चेन को हराया था।

लवलीना ने इस मुकाबले के बाद कहा थाए श् मेडल ;पदकद्ध तो बस गोल्ड ;स्वर्णद्ध होता हैए पहले मुझे उसे हासिल करने दो।श् लवलीना ओलंपिक में डेब्यू कर रही हैं लेकिन उन्होंने सहज होकर अपने मुकाबले लड़े हैं। तुर्की की शीर्ष वरीयता प्राप्त मुक्केबाज के खिलाफ भी वह बिना किसी दबाव के रिंग में उतरेगी। सुरमेनेली भी 23 साल की हैं और इस साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। लवलीना भी इस खेल में नयी नहीं है और उन्होंने अभी तक अपने करियर में विश्व चैंपियनशिप के दो कांस्य पदक जीते हैं। तुर्की की मुक्केबाज 2019 चैंपियनशिप में विजेता रही थी जबकि लवलीना को कांस्य पदक मिला था। तब इन दोनों के बीच मुकाबला नहीं हुआ था।




## मेडल राउंड में नहीं पहुंच सके तेजिंदरपाल सिंह तूर, 13वें स्थान पर रहे

**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत के तेजिंदरपाल सिंह तूर टोक्यो ओलम्पिक के एथलेटिक्स मुकाबलों की मेंस शॉट पुट स्पर्धा में मंगलवार को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कोसों दूर रहे और मेडल राउंड में नहीं पहुंच सके। 26 साल के तूर तीन प्रयासों में सिर्फ एक थ्रो ही सही फेंक पाए जबकि उनकी दो अन्य थ्रो फाउल रहे। इतिहास रचकर भारत लौटीं पीवी सिंधुए दिल्ली एयरपोर्ट पर ढोल.नगाड़ों के साथ हुआ जोरदार स्वागत. देखें टप्क्म्व उनकी एकमात्र वैध थ्रो 19ण्99 मीटर की थी जबकि टॉप 12 एथलीटों ने फाइनल राउंड में जगह बनानी थी। तूर अपने ग्रुप में 13वें स्थान पर रहे। तूर का दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल रहे। 31 एथलीटों ;ग्रुप ए में 16 और ग्रुप बी में 15द्ध में से टॉप 12 ने फाइनल राउंड में जगह बनानी थी। इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के लिए स्वतरू क्वालिफिकेशन मार्क 21ण्20 मीटर था। तूर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21ण्49 मीटर रहा है जो उन्होंने इस साल के शुरू में हासिल किया था लेकिन वह अपने इस प्रदर्शन के आसपास भी नहीं पहुंच सके।

# ओलंपिक चैम्पियन सिमोन बाइल्स ने जिम्नास्टिक स्पर्धा में वापसी पर बैलेंस बीम में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**टोक्यो (एजेंसी)।** अमेरिका की दिग्गज जिमनस्ट और ओलंपिक चैम्पियन सिमोन बाइल्स ने टोक्यो ओलंपिक की स्पर्धा में वापसी करते हुए मंगलवार को बैलेंस बीम के फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इस स्पर्धा का गोल्ड और सिल्वर चीन के खिलाडि.यों के नाम रहा। गुआन चेनचेन ने गोल्ड जबकि तैंग शिजिंग ने सिल्वर मेडल जीता। एक सप्ताह पहले मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने का हवाला देते हुए कुछ स्पर्धाओं से हटने का फैसला करने के बाद उन्होंने मंगलवार को वापसी का मन बनाया।



बाइल्स ने अपनी स्पर्धा पूरी करने के बाद दर्शकों का अभिवादन कियाए जिसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक भी मौजूद थे। उन्होंने कुल 14 प्वॉइंट्स प्राप्त किए जो ब्रॉन्ज मेडल जीतने के लिए काफी थे। शीर्ष के दोनों जिमनस्टों ने क्रमशरू 14ण्633 और 14ण्233 प्वॉइंट्स हासिल किए।उन्होंने कहाए श्यह निश्चित रूप से रियो में बीम पर हासिल किए गए ब्रॉन्ज से बेहतर हैए क्योंकि मैंने यहां एक अच्छा बीम रुटीन किया था।

## टी-20 क्रिकेट में बड़ा उलटफेर, बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में ली 1-0 की बढ़त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लेफ्ट आर्म स्पिनर नासुम अहमद (19 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टी-20 मुकाबले में मंगलवार को 23 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश ने 20 ओवर में सात विकेट पर 131 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 20 ओवर में 108 रन पर ढेर कर दिया। नासुम अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। बांग्लादेश की पारी में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने 33 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 36 रन , मोहम्मद नईम ने 29 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के सहारे 30 रन और अफीफ हुसैन ने 17 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 23 रन बनाए।

# कोविड-19 को लेकर बोले विराट कोहली, बेन स्टोक्स जैसे फैसले दूसरे क्रिकेटर भी ले सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का मानना है कि कोविड-19 महामारी के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट के कठिन बायो बबल (जैव सुरक्षित माहौल) जीवन से अगर खिलाड़ी समय-समय पर ब्रेक (छुट्टी) नहीं लेते हैं, तो जल्द ही ऐसा समय आ सकता है जब तनाव के कारण गुणवत्ता का कोई भी क्रिकेटर नहीं बचेगा। कोहली ने बायो बबल की जिंदगी को मुश्किल भरा करार देते हुए कहा कि अन्य क्रिकेटरों को भी बेन स्टोक्स जैसा रास्ता अपनाना शुरू करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। इंग्लैंड का यह ऑलराउंडर खिलाड़ी भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से हट गया है। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को खेले जाने वाले शुरुआती टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, 'ये ब्रेक मेरे लिए भी खुद को



तरोताजा कर वापस आने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कप्तानी करना और टीम की जिम्मेदारी निभाना तनावपूर्ण हो सकता है। इसके अलावा अगर आप लंबे समय तक एक बबल के अंदर हैं तो चीजें और भी मुश्किल हो जाती हैं। ऐसे में समय-समय पर ब्रेक लेना जरूरी है।'

भारतीय कप्तान चाहते है कि इस खेल का संचालन करने वाले इस मसले पर ध्यान दें, ताकि बबल की थकान के कारण क्रिकेट का स्तर प्रभावित न हो। उन्होंने कहा, 'अगर आपके पास खिलाड़ी खेलने के लिए नहीं बचे तो क्रिकेट की गुणवत्ता को बनाए रखना मुश्किल होगा। जैसे उसने (स्टोक्स) ब्रेक लिया है, भविष्य में और खिलाड़ी भी ऐसा कर सकते हैं।

# इंग्लैंड पहुंचे पृथ्वी शॉ और सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज पृथ्वी शॉ



और सूर्यकुमार यादव इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। इस बात की सूचना पृथ्वी ने अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी है। इसमें पृथ्वी और सूर्यकुमार लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। दोनों ही क्रिकेटर श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई लिमिटेड ओवरों की सीरीज में टीम का हिस्सा थे। इस दौरे पर भारत ने शिखर धवन की अगुवाई में वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की, जबकि टी-20 सीरीज 1-2 के अंतर से गंवा दी थी। पृथ्वी और सूर्यकुमार का इंग्लैंड दौरे के लिए चयन शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर के रिप्लेसमेंट के तौर पर हुआ है।

सूर्यकुमार और पृथ्वी श्रीलंका के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मैच के बाद से ही आइसोलेशन में थे। सीरीज के दूसरे मैच से पहले टीम इंडिया के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए थे, जिसके बाद सूर्यकुमार और पृथ्वी शॉ को उनके क्लोज कॉन्टैक्ट में होने के चलते आइसोलेशन में रहना पड़ा।

## वीवीएस लक्ष्मण ने बताया अजिंक्य रहाणे को किस कमी पर काम करने की है जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 4 अगस्त से नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेला जाना है। इस मैच से पहले टीम इंडिया के स्टार टेस्ट बल्लेबाज रहे वीवीएस लक्ष्मण ने टेस्ट टीम के उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे की जमकर तारीफ की है। रहाणे खराब फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से आलोचनाओं का शिकार हुए हैं। लक्ष्मण का मानना है कि भारतीय टेस्ट टीम के बैटिंग लाइन-अप के लिए रहाणे बहुत अहम खिलाड़ी हैं। लक्ष्मण ने ओवरसीज कंडीशन्स में रहाणे की शानदार बल्लेबाजी का भी जिक्र किया। स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम प्लान पर लक्ष्मण ने कहा, 'मुझे लगता है कि रहाणे टीम इंडिया के बैटिंग लाइन-अप के लिए बहुत अहम खिलाड़ी हैं। मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने ओवरसीज कंडीशन्स में लॉर्ड्स या मेलबर्न में किस तरह से शानदार बल्लेबाजी की थी।

# टोक्यो से वापस भारत लौटने पर पीवी सिंधु और उनके कोच को अनुराग ठाकुर सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने किया सम्मानित


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वापस भारत लौट आई हैं। उनका दिल?ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भव?य स?वागत किया गयाए जहां बड़ी संख?या में फैन?स उनका वेलकम करने के लिए इकट्ठे हो रखे थे। भारत पहुंचने पर उनके लिए केंद्र सरकार की तरफ से एक कार्यक्रम भी रखा गयाए जहां उन्हें और उनके विदेशी कोच पार्क ताइ सांग को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमणए खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और जी किशन रेड्डी ने सम्मानित किया।




इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहाए यह स्पष्ट रूप से उनके अथक प्रयासए कड़ी मेहनत और दृढ़ता का प्रतीक है। यह उनके परिवारए उनके कोच और फिजियो का भी समर्थन था। उन्होंने बार.बार खुद को साबित किया हैए पहले रियो में और अब टोक्यो ओलंपिक में। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा किए श्आप एक युवा आइकॉन और प्रेरणा हैं। आप भारत के महानतम ओलंपियनों में से एक हैं। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है और 135 करोड़ भारतीय चेहरों पर मुस्कान लाई है।

इससे पहले एयरपोर्ट पर सिंधु का स्वागत करने के लिए भारतीय बैडमिंटन महासंघ ;बाईद्ध के महा सचिव अजय सिंघानिया और फेडेरशन के अन्य अधिकारी तथा भारतीय खेल प्राधिकरण ;साईद्ध के अधिकारी मौजूद थे। बाई ने सरकारए खेल मंत्रालय और साई को उसके प्रयासों और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सिंधु को परिवार के लोगों और सुरक्षाकर्मियों के घेरे के बीच एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया। एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर ओलम्पिक पदक विजेता का स्वागत किया। इस मौके पर सिंधु ने कहा किए श्मैं बहुत खुश हूं। मेरे लिए यह बड़े गर्व का दिन था। थकावट जैसी कोई बात नहीं हैए मेरे लिए यह रोमांच से भरा दिन रहा। मैं सिंघानिया सर और मुझे समर्थन करने वाले लोगों का धन्यवाद करती हूं।

# हिंद महासागर में चीन को मात देने के लिए भारत ने बनाई बड़ी रणनीति, यहां बनाए नौसैनिक अड्डे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मॉरिशस के मुख्य द्वीप से करीब 1100 किलोमीटर दूर अगालेगा द्वीप पर भारत नौसैनिक सुविधाओं का निर्माण कर रहा है। अल जजीरा की एक रिपोर्ट में सेटेलाइट इमेजए फाइनेंशियल डेटा और जमीनी साक्ष्यों के आधार पर यह बताया गया है। इस रिपोर्ट को स्टडी करने वाले मिलिट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल निश्चित तौर पर भारतीय नौसेना द्वारा समुद्री गश्ती मिशन के लिए किया जाएगा।ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एसोसिएट फेलो अभिषेक मिश्रा ने मामले को लेकर बताया हैए श्यह भारत के लिए दक्षिण.पश्चिम हिंद महासागर और मोजाम्बिक चैनल में निगरानी बढ़ाने के लिए हवाई और नौसैनिक उपस्थिति है। यह कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया संग्रह के लिए एक उपयोगी जगह साबित होगी। साल 2018 से इस तरह की रिपोर्ट्स आ रही थी कि भारतए मॉरिशस के एक द्वीप पर सैन्य ठिकाना बना रहा है। लेकिन दोनों देशों ने इस तरह की बातों से इनकार किया है। दोनों देशों ने लगातार कहा है कि द्वीप पर जारी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स स्थानीय लोगों की बेहतरी के लिए है। लेकिन सेटेलाइट तस्वीरें बताती हैं कि मॉरिशस के मुख्य द्वीप से करीब 1100 किलोमीटर दूर अगालेगा द्वीप पर दो बड़े जेटी और एक 3 किलोमीटर से लंबा रनवे का निर्माण किया गया है। मिलिट्री एनालिस्ट बता रहे हैं कि भारतए हिंद महासागर में अपने अपर.हैंड को नहीं खोना चाहता है। हाल के दिनों में हिंद महासागर में चीन के बढ़ते दखल को देखते हुए भारत ने मॉरिशस में नौसैनिक अड्डा बनाकर अपनी स्थिति और बेहतर कर ली है। अल जजीरा की रिपोर्ट को लेकर मॉरीशस सरकार ने कहा है कि मॉरिशस और भारत के बीच अगालेगा में एक सैन्य अड्डा स्थापित करने के लिए कोई समझौता नहीं है। भारत सरकार ने अब तक इस रिपोर्ट पर कुछ भी नहीं कहा है।

# सीएम पद जाते ही मुश्किलें शुरू, येदियुरप्पा और बेटे को करप्शन के मामले में नोटिस जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री की कुर्सी जाते ही बीएस येदियुरप्पा की मुश्किलें शुरू हो गई हैं। भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बीएस येदियुरप्पा को नोटिस भेजा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आवासीय परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में मंगलवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पाए उनके बेटे एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्ययक्ष बी वाई विजयेंद्रए उनके परिवार के सदस्योंए पूर्व मंत्री एस टी सोमशेखर और भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एस सुनील दत्त यादव की एकल पीठ ने कार्यकर्ता टी जे अब्राहम की एक याचिका पर इन सभी के खिलाफ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इस साल आठ जुलाई को विशेष अदालत द्वारा जारी आदेश को याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। उल्लेखनीय है कि विशेष अदालत ने तत्कालीन मुख्यमंत्री येदियुरप्पा और तत्कालीन मंत्री सोमशेखर पर मुकदमा चलाने के लिए अनुमति मांगने वाला मामला खारिज कर दिया था। यह मामला बेंगलुरु विकास प्राधिकरण की एक आवासीय परियोजना के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने से जुड़ा हुआ है। इस विषय पर कर्नाटक विधानसभा में भी उस वक्त चर्चा हुई थीए जब विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने एक अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था और कुछ गंभीर आरोप लगाए थे। वहींए येदियुरप्पा और उनके बेटे ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस विषय में कोई सच्चाई नहीं है। यह मामला बेंगलुरु में 662 करोड़ रुपये की लागत से एक अपार्टमेंट के निर्माण से जुड़ा हुआ है। इससे पहले कई कांग्रेस नेता आरोप लगाते रहे हैं कि येदियुरप्पाए उनके बेटेए दामाद और पोते जैसे निकट रिश्तेदारों की परियोजना में भ्रष्टाचार और रिश्वत की संलिप्तता रही है।

## बेतिया में मारपीट में वृद्ध की मौत, परिजनों ने आरोपितों के दरवाजे पर जलाया शव

**बेतिया (एजेंसी)।** बेतिया जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सुगर महछी गांव में मारपीट में घायल की मौत होने पर पीड़ित पक्ष के लोगों ने सोमवार देर रात मृतक



चंचल महतो का शव आरोपितों के दरवाजे पर ही जला दिया। चंचल महतो ;60द्ध को जमीन विवाद में बीते रविवार को आरोपितों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत जीमएसीएच में हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने पर देर रात परिजनों ने आरोपितों के दरवाजे पर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गोपालपुर थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि सोमवार की देर रात मुझे भी मामले की जानकारी मिली है। चंचल महतो के पुत्र उमेश महतो की शिकायत पर मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें विकास शर्माए मुकेश शर्माए मदन शर्माए ललन शर्माए मनीषा देवीए रामकली देवी व कारी कुशवाहा को नामजद किया गया है। छानबीन कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बीते 21 जुलाई को सुगर महछी गांव में चंचल महतो व विकास शर्मा के परिजनों के बीच 10 धूर जमीन को लेकर झगड़ा हुआ था। इस मामले में दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज करायी थी। 31 जुलाई को चंचल महतो बयान दर्ज कराने पुलिस के पास जा रहे थे तो आरोपितों ने उन्हें धमकी दी थी। नाराज आरोपितों ने गवाही देने से बाद एक अगस्त को मारपीट की। मारपीट में घायल चंचल महतो को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। यहां सोमवार की सुबह उनकी मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम में परिजन शव को लेकर गांव चले गए। गांव पहुंचने के बाद आरोपियों के दरवाजे पर शव को रख अंतिम संस्कार कर दिया।

## अफगानिस्तान पर भारत का कड़ा रुख

# तालिबान को दिया जवाब- नरसंहार और क्रूरता से नहीं मिलेगी मान्यता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान के कहर के बीच भारत ने उसे कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान कहा कि नरसंहार और क्रूरता से मान्यता नहीं मिलेगी। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को लेकर स्पष्ट रुख अख्तियार करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने संघर्षशील इलाकों को आतंकवाद की नर्सरी बताते हुए कहा कि विभिनन्न देशों के बेहतर को.ऑर्डिनेशन से आतंकवाद की कमर तोड़ने में मदद मिलेगी।

विदेश मंत्री ने कहा कि विभिनन्न देशों के बीच अलग.अलग मुद्दों पर एक निश्चित दरार है। इस दरार का फायदा उठाकर ही आतंकवादी शक्तियां पनपती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे इलाके जहां पर आपसी संघर्ष ज्यादा हैए वहां आतंकवाद को पैदा होने की पर्याप्त खुराक मिलती है।

उन्होंने कहा कि आज अफगानिस्तान की जो हालत है उसने सभी के लिए चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। आतंकवाद के चलते अफगानिस्तान की जो हालत हुई हैए उसका असर सिर्फ इस देश पर नहींए बल्कि आसपास के देशों पर भी पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इससे पैदा होने वाली चुनौतियों का सभी को मिलकर सामना करना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह 21वीं सदी है। इस दौर में नरसंहार और क्रूरता के दम पर मान्यता हासिल नहीं की जा सकती। उन्होंने प्रतिनिधित्व के लिए शांति की महत्ता पर भी जोर दिया। गौरतलब है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैन्य बलों के हटने के बाद से तालितान अफगानिस्तान के कई हिस्सों पर कब्जा जमा चुका है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता का बड़ा पैरोकार है। उसने यहां पर मदद और पुनर्निर्माण गतिविधियों में करीब तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए हैं। भारत यहां पर ऐसी शांति व्यवस्था कायम करना चाहता है जो अफगान द्वाराए अफगान के लिए और अफगान द्वारा ही तय किया गया हो।

## नहीं जल पाए लालू की उम्मीदों के चिराग, गठबंधन के प्रस्ताव पर एलजेपी नेता ने दिया यह जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मैं उनकी भावनाओं का सम्मान करता हूंए लेकिन अभी मेरी प्राथमिकता आशीर्वाद यात्रा है।श् यह कहकर लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने लालू यादव की उम्मीदों के चिराग को तात्कालिक रूप तो बुझा ही दिया है।

वह लालू यादव के उस बयान की बाबत बोल रहे थेए जिसमें लालू ने चिराग और अपने बेटे आरजेडी नेता तेजस्वी में गठबंधन की इच्छा जताई थी। हालांकि चिराग पासवान ने भविष्य में दोनों नेताओं के बीच गठबंधन की संभावना से इंकार नहीं किया। बता दें कि मंगलवार को आरजेडी नेता लालू यादव ने चिराग पासवान को अपना समर्थन दिया था। उन्होंने कहा था कि लोक जनशक्ति पार्टी में आंतरिक तौर पर जो भी बातें चल रही हों। लेकिन उनके लिए लोजपा के नेता चिराग पासवान ही रहेंगे।

सिर्फ इतना ही नहींए लालू यादव ने यह भी इच्छा जताई थी कि चिराग और तेजस्वी बिहार में गठबंधन करें। जब लोक जनशक्ति पार्टी के नेता से इस बयान के बाबत पूछा गया तो उन्होंने लालू की फीलिंग्स की कद्र करने की बात कही। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल.फिलहाल उनका ध्यान आशीर्वाद यात्रा पर है। हांए चुनाव नजदीक आने पर गठबंधन की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि बिहार में अपने राजनीतिक धरातल को मजबूत बनाने के लिए चिराग पासवान काफी कोशिशें कर रहे हैं। पार्टी में मतभेद और फूट होने के बाद वह अपनी महत्वाकांक्षी आशीर्वाद यात्रा को लेकर काफी सक्रिय हैं। इसको लेकर बिहार में लोजपा कार्यकर्ता काफी जोर.शोर से तैयारी में लगे हैं।

# अयोध्या पर मेहरबान मोदी सरकार, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग अब फोर लेन नेशनल हाइवे बनेगा



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की योगी सरकार के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार भी श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या पर मेहरबान है। केंद्र सरकार अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा मार्ग और राम वन गमन मार्ग के निर्माण कार्य को विशेष प्राथमिकता देगी। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग जो दो लेन प्रस्तावित था अब उसे चार लेन नेशनल हाइवे बनाया जाएगा। इसके लिए 30 मीटर की जगह 45 मीटर चौड़ाई में भूमि के अधिग्रहण का फैसला लिया गया है। अयोध्या.वाराणसी के मध्य ग्रीन फील्ड हाइवे के निर्माण का डीपीआर भी जल्द तैयार किया जाएगा।

नई दिल्ली परिवहन भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में अयोध्या के विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक हुई। जिसमें गडकरी ने कहा कि अयोध्या का चहुंमुखी व समग्र विकास किया जाएगा। राम वन गमन मार्ग और 84 कोसी परिक्रमा मार्ग सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने राम वन गमन मार्ग का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाईपास बनने तथा री.एलाइनमेंट के कारण छूटे हुए पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों के वृहद रखरखाव का प्रस्ताव रखा जिसे केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृति दे दी। गडकरी ने अयोध्या.वाराणसी के मध्य ग्रीन फील्ड हाइवे के निर्माण का डीपीआर जल्द स्वीकृत कराने के निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिए।बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी सात अगस्त को अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग व अन्य विकास कार्यों पर फिर बैठक होगी। इस बैठक में परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले जिलों बस्तीए बाराबंकीए गोंडाए अयोध्या और अंबेडकर नगर के सांसद और इस मार्ग में पड़ने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक भी रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। बैठक में अयोध्या के विकास और सड़कों के निर्माण पर चर्चा के साथ ही जनप्रतिनिधियो के सुझाव लिए जाएंगे।

केशव प्रसाद मौर्य ने बताया है कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर भगवान राम से जुड़े कई पौराणिक स्थल हैं। अयोध्या से 20 किलोमीटर उत्तर बस्ती जिले के मखौड़ा धाम से परिक्रमा यात्रा शुरू होती है। इसी स्थान से इस नेशनल हाइवे ;84 कोसी परिक्रमा मार्गद्ध की शुरुआत करने की रूपरेखा बन रही है। इस मार्ग पर कई विश्राम स्थल बनाए जाने का प्रयास भी चल रहा है। राम वन गमन मार्ग के दोनों ओर वृहद वृक्षारोपण के साथ.साथ रामायण कालीन कथाओं का चित्रण करने वाली झांकियों का निर्माण कराया जाएगा।

## अफगान रक्षा मंत्री के आवास के बाहर धमाका, कार बम से हमले को दिया गया अंजाम



**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मंगलवार शाम कई धमाके हुए। जिन इलाकों में धमाके हुए हैं, वहां कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के आवास हैं। हालांकि हादसों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आंतरिक मंत्री मीरवाइज स्टेनिकजई के मुताबिक यह धमाके शेरपुर के पड़ोसी इलाकों में हुए है। राजधानी के बेहद सुरक्षित इलाकों में होने के चलते इन्हें ग्रीन जोन कहा जाता है। वहीं कार्यवाहक रक्षामंत्री बिस्मिल्लाह मोहम्मद के आवास के बाहर भी धमाका हुआ है। स्थानीय मीडिया ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह धमाका शाम करीब 8 बजे हुआ। धमाके के कुछ देर बाद वहां से धुएं का गुबार उठता देखा गया। अफगान मीडिया ने ट्वीट कर बताया कि यह एक कार बम हमला था।

गौरतलब है कि अफगानिस्तान में सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच कई इलाकों में जबर्दस्त संघर्ष जारी है। लश्करगढ़, दक्षिणी हेलमंद प्रांत और फ्रंटलाइन इलाकों में अफगान सैन्य बल हमलावर हैं। इनमें वह इलाका भी शामिल है, जहां पर अमेरिका ने सोमवार को हवाई हमले किए थे। पिछले कुछ हफ्तों में तालिबान ने अफगानिस्तान के कई जिलों पर कब्जा जमा लिया है। इनमें देश का उत्तरी पूर्वी प्रांत तखार भी शामिल है। अगर पूरे देश भर की बात करें तो तालिबान के नियंत्रण में 223 जिले हैं। कुछ ऐसे ही आंकड़े सीएनएन ने भी जारी किए हैं, जिसमें बताया गया है कि 34 में से 17 प्रांतीय राजधानी पर तालिबान हमलावर है।

# ऑफिस में यौन शोषण के मामले में फंसे न्यूयॉर्क के गवर्नर

## महिला कर्मचारियों की शिकायत पर हुई जांच में खुलासा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के गवर्नर अपने ऑफिस में सेक्सुअल हरासमेंट के मामले में घिर गए हैं। जानकारी के मुताबिक गवर्नर एंड्रयू कूमो ने राज्य सरकार की कई पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों का यौन शोषण किया है।



न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंगलवार को यह बात कही। अटॉर्नी जनरल के मुताबिक स्वतंत्र जांचकर्ताओं द्वारा की गई छानबीन में यह बात सामने आई है। सिर्फ इतना ही नहीं, गवर्नर एंड्रयू कूमो ने राज्य और संघीय सरकार के नियमों को भी तोड़ा है। कूमो जो कि एक डेमोक्रेट हैं, उन्होंने और उनके साथियों ने एक पूर्व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके पीछे वजह यह थी कि उस कर्मचारी ने इन लोगों की शिकायत की थी। सिर्फ यही नहीं, गवर्नर के ऑफिस के माहौल को लेकर भी काफी शिकायतें हैं। इन शिकायतों में गवर्नर ऑफिस के वर्क कल्चर को बेहद विषैला और शत्रुतापूर्ण व्यवहार से भरा बताया गया है।

जांचकर्ताओं ने 2013 से 2020 के बीच इस ऑफिस में काम करने वाली कुल 11 महिलाओं की शिकायतों का संज्ञान लिया। इसके अलावा 179 लोगों से पूछताछ करने के साथ हजारों सुबूतों की छानबीन की। इन सुबुतों में कई अहम दस्तावेज भी थे।

अटॉर्नी जनरल जेम्स ने समाचार कांफ्रेंस में बताया कि गवर्नर कूमो ने तमाम महिलाओं का यौन शोषण किया। इनमें कई युवा महिलाएं थीं। उन्होंने बताया कि कूमो ने महिलाओं को गलत जगहों पर छुआ। उनकी इच्छा के विरुद्ध उन्हें किस किया, गले लगाया और भद्दे कमेंट्स किए। मामले की छानबीन करने वाले स्वतंत्र जांचकर्ता जून किम, एक पूर्व फेडरल प्रॉसीक्यूटर हैं। वहीं दूसरे जांच कर्ता एन एल क्लार्क एक एंप्लॉयमेंट लॉयर हैं। समाचार कांफ्रेंस के दौरान इन दोनों ने 165 पेजेज की रिपोर्ट पेश की। साथ ही गवर्नर के व्यवहार से जुड़ी ग्राफिक डिटेल भी साझा की। बता दें कि तीन बार गवर्नर रह चुके एंड्रयू कूमो के पिता मारियो कूमों भी न्यूयॉर्क के गवर्नर रह चुके हैं। उन्होंने कहा था कि वह चौथी बार भी गवर्नर बनने की तैयारी में हैं।

## अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के मेट्रो स्टेशन के पास गोलीबारी में कई लोग घायल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के प्रवेश द्वार के पास मंगलवार सुबह गोलीबारी के बाद मुख्यालय को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। आर्लिंगटन काउंटी दमकल विभाग ने बताया कि कई लोग घायल हुए लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या उन्हें गोली लगी। कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों ने बताया कि घटना में एक पुलिस अधिकारी भी घायल हुआ है। पेंटागन प्रोटेक्शन फोर्स एजेंसी ने ट्वीट कर बताया कि यह घटना मेट्रो बस प्लेटफॉर्म पर हुई जो कि पेंटागन ट्रांजिट सेंटर का हिस्सा है। यह स्थान वर्जिनिया के आर्लिंगटन काउंटी में है जो पेंटागन मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित है। एक पत्रकार ने कुछ-कुछ समय के अंतराल पर कई बार गोलियों की आवाज सुनी। मुख्यालय की रक्षा करने वाली पेंटागन प्रोटेक्शन फोर्स एजेंसी ने बताया कि वारदात स्थल की घेराबंदी कर बाकी इलाके को खोल दिया गया है।

## कंगाल हो चुका है पाकिस्तान!

# इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री आवास को किराये पर देने का किया ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्तीय संकट से गुजर रहा पाकिस्तान अब लगता है जैसे पूरी तरह कंगाल हो चुका है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गर्त में जा चुकी है और इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अब पड़ोसी मुल्क ने अपने प्रधानमंत्री के आवास को भी किराये पर देने का ऐलान किया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के इस्लामाबाद में स्थित आधिकारिक आवास को किराये पर देने का ऐलान कर दिया गया है। दरअसल अगस्त 2019 में पाकिस्तान की सत्तारुढ़ पार्टी ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास को यूनिवर्सिटी में बदलने का फैसला किया था। जिसके बाद पीएम इमरान खान ने यह आवास खाली कर दिया था। लेकिन अब सरकार ने विश्वविद्यालय बनाने की योजना को टाल दिया है।

एमडब्लू एम की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस योजना को टालने के बाद अब पीएम आवास को किराये पर देने का फैसला किया गया है। स्थानीय मीडिया ने यहां अपने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान की फेडरल सरकार ने पीएम आवास को अब कल्चरलए फैशनए एजुकेशनल और अन्य इवेंट्स के लिए किराये पर देने का फैसला किया है। बता दें कि इस्लामाबाद में पीएम इमरान खान का यह आवास रेड जोन में आता है। पीएम आवास को किराये पर देने और इसकी निगरानी करने के लिए दो कमेटी भी बनाई गई है। यह कमेटी आवास के अंदर होने वाले कार्यक्रमों के दौरान अनुशासन बनाए रखने और पीएम हाउस से संबंधित डेकोरम को मेन्टेन रखने पर नजर रखेगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फेडरल कैबिनेट जल्द ही पीएम आवास से होने वाली आमदनी को लेकर भी चर्चा करेगी। बताया जा रहा है कि पीएम हाउस के दो गेस्ट विंग्स और लॉन को पैसे जुटाने के लिए किराये पर दिया जा सकता है। पीएम आवास में अब हाई.लेवल डिप्लेमैटिक कार्यक्रम के अलावा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार भी कराए जा सकेंगे। आपको बता दें कि जब इमरान खान ने पाकिस्तान में प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली थी तब कहा था कि सरकार के पास पैसे नहीं है कि वो लोक कल्याण के लिए जरुरी योजनाएं चला सके। इसके बाद से ही इमरान खान बानी गाला आवास में रहते हैं।